नई दिल्ली
बुधवार, 17 सितंबर 2025
अशिवन मास कृष्ण पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 154
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

विश्वकर्मा पूजा की मंगलकामनाएं

# दिल्ली अब ... विकसित बनने की राह पर,
## हर क्षेत्र में विकास ... कार्यों को नई रफ़्तार दे रहा है ट्रिपल इंजन नेतृत्व

दिल्ली में रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने आज वि... ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के
वर्ष 2025-26 के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का अपना पहला ... प्रस्तावित 1 लाख करोड़ रुपये के
किया। सीएम रेखा गुप्ता ने बजट भाषण में ऐलान कि... 700 करोड़ रुपये के कर
का बजट एक लाख करोड़ रुपये का हो... रुपये के गैर-कर
में यह बजट 31.5 फीसदी अधिक है... ये के लघु
की थीम विकसित दिल्ली रख... केंद्रीय
की झलक देखने को मिल... केंद्र
इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहत... से
फोकस रहा। मुख्यमं...
पानी से जूझ रही है...





### तीन पिस्टल, आठ कारतूस और एक तलवार बरामद

# अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले के स्पेशल स्टाफ ने अवैध हथियारों के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनसे तीन पिस्तौल, आठ कारतूस और एक तलवार बरामद हुई। पकड़े गये अपराधियों के नाम दीपक और मोहम्मद उमर है। दीपक तिगड़ी थाने का बीसी है।

पुलिस के अनुसार स्पेशल स्टाफ क्षेत्रीय निगरानी और मुखबिर नेटवर्क के साथ-साथ उन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय रूप से नजर रख रहा है जहां अपराधी हथियारों का प्रदर्शन करते हैं। आर्म्स एक्ट और जघन्य अपराधों में संलिप्त रहे अपराधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निगरानी के दौरान एक आरोपी का स्थान क्राउन प्लाजा, ओखला के पास पाया गया। टीम ने जाल बिछाया और मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इसकी पहचान मोहम्मद उमर उर्फ सबलू के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर डीडीए पार्क, संगम विहार से एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान मोहम्मद उमर ने खुलासा किया कि उसने यह हथियार तिगरी थानाक्षेत्र के कुख्यात अपराधी दीपक उर्फ गंजा से खरीदा था।



त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और दीपक उर्फ गंजा को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर संगम विहार में आईटीबीपी कैंप के पास, डीडीए पार्क से दो सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, पांच कारतूस और एक तलवार बरामद की गई। उसने एक पत्थर के नीचे नीले कपड़े के बैग में हथियार छिपाए थे। इस संबंध में संगम विहार थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

# सेंट्रल रेंज ने सुरक्षित सड़कों के लिए शुरू की नई गश्ती टीमें



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सड़कों पर सुरक्षा और दृश्यता बढ़ाने के एक बड़े कदम के तहत दिल्ली पुलिस की सेंट्रल रेंज ने मंगलवार को मध्य और उत्तरी दिल्ली में दो नई गश्ती पहल जगुआर पेट्रोलिंग मोटरसाइकिल और झांसी पेट्रोलिंग स्कूटी की शुरूआत की हैं। इस पहल को स्पेशल सीपी (कानून एवं व्यवस्था, जोन-1) रवींद्र सिंह यादव ने ऐतिहासिक लाल किले से सुबह 11:30 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सेंट्रल रेंज के ज्वाइंट कमिश्नर मधुर वर्मा ने बताया कि 71 मोटरसाइकिलें जगुआर पेट्रोलिंग, पुरुष कर्मचारियों द्वारा संचालित है। वहीं 15 स्कूटी झांसी पेट्रोलिंग, महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित है। सभी में जीपीएस ट्रैकर लगे हैं और विशेष रूप से प्रशिक्षित पुलिसकर्मी इन पर तैनात किये गये हैं। अपराध प्रवण और संवेदनशील स्थानों को कवर करने के लिए मार्गों का सावधानीपूर्वक मानचित्रण किया गया है। झांसी की टीमें स्कूलों, कॉलेजों, कार्यालय परिसरों और संवेदनशील क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखेंगी, जिससे महिलाओं को सुरक्षा का अधिक एहसास होगा। जगुआर टीमें प्रमुख सड़कों और व्यस्त इलाकों पर नजर रखेंगी, ताकि स्ट्रीट क्राइम पर लगाम लगे और किसी भी मुसीबत में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। वर्मा का कहना है कि यह पहल सिर्फ गश्त लगाने तक सीमित नहीं है। यह जनता को सुरक्षित महसूस कराने के बारे में है। त्वरित आपातकालीन प्रतिक्रिया, अपराध के प्रमुख स्थानों पर मजबूत उपस्थिति और नागरिकों की सुरक्षा पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करके दिल्ली पुलिस कानून व्यवस्था और जन सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरा रही है।

## 14 लाख रुपये की दिनदहाड़े डकैती करने वाले तीन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा ने आनंद विहार में एक पान मसाला व्यापारी के गोदाम में पिछले महीने दिनदहाड़े 14 लाख रुपये की हथियारबंद डकैती करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से दो देसी पिस्तौल, एक बेरेटा पिस्तौल, 17 कारतूस और अपराध में प्रयुक्त कार जब्त की गई है।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार गिरफ्तार किए गए अपराधियों के नाम दीपक शर्मा, मोमिन और आमिर सुहैल हैं। सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। गिरोह के सरगना राशिद समेत अन्य साथियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। यादव के अनुसार 31 अगस्त को हथियारबंद डकैतों ने आनंद विहार की ऋषभ विहार सोसायटी स्थित पान मसाला व्यापारी के गोदाम में घुसकर बंदूक की नोक पर 14 लाख रुपये लूट लिए थे। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि डकैती में पांच लोग शामिल थे और उन्होंने नकली नंबर प्लेट वाली कार का इस्तेमाल किया था।

जांच में राशिद गिरोह के बारे में पता चला। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने 10 सितंबर को सुहैल और शर्मा को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर मोमिन को पकड़ा गया। मोमिन के पास से एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस जबकि सुहैल के पास से एक और बंदूक और कारतूस बरामद किये गये हैं। पुलिस ने शर्मा के पास से बेरेटा पिस्तौल और 10 कारतूस बरामद किए हैं।

# बीएमडब्ल्यू दुर्घटना: शराब के नशे में नहीं थी आरोपी महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कैंट क्षेत्र में रविवार दोपहर बीएमडब्ल्यू कार हादसे की आरोपी गगनप्रीत कौर के ब्लड सैंपल की जांच रिपोर्ट में शराब की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उधर हादसे में जान गंवाने वाले आर्थिक मामलों के विभाग में उपसचिव नवजोत सिंह (52) का पोस्टमॉर्टम मंगलवार को करवा शव परिजनों को सौंप दिया गया। इससे पहले शव को द्वारका के वेंकटेश्वर अस्पताल में ले जाया गया था जहां उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल अवस्था में भर्ती है। पति के अंतिम दर्शन कर पत्नी के आंसू छलक गये।

गौरतलब है कि हरि नगर निवासी नवजोत सिंह अपने पत्नी के साथ रविवार को बंगला साहिब गुरुद्वारा से घर लौट रहे थे। उनकी मोटरसाइकिल को धौला कुआं क्षेत्र के पास एक बीएमडब्ल्यू कार ने टक्कर मार दी थी। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के समय गगनप्रीत कार चला रही थीं जबकि उनके पति, दो बच्चे और एक घरेलू सहायिका भी कार में सवार थे। गुरुग्राम में रहने वाला यह परिवार विनिर्माण व्यवसाय से जुड़ा है और दुर्घटना में परिवार को भी चोट लगने के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। गगनप्रीत को सोमवार दोपहर अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद उन्हें मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।



■ ब्लड सैंपल की रिपोर्ट आई निगेटिव

### आरोपी महिला के वकील ने दायर की जमानत याचिका

हादसे के समय गाड़ी चला रही आरोपी गगनप्रीत कौर को दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। आरोपी की ओर से वकील ने जमानत याचिका दायर की है, जिसमें दावा किया गया है कि यह हादसा पूरी तरह से आकस्मिक और अनजाने में हुआ। उनके वकील ने बताया कि कौर दो नाबालिग बेटियों की मां हैं, उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और हादसे के दौरान उन्हें भी सिर में चोट लगी थी।

वकील ने जमानत याचिका में तर्क दिया गया है कि कौर की हिरासत में पूछताछ न तो आवश्यक है और न ही उचित। याचिका में कहा गया है कि कौर ने जांच में पूरा सहयोग किया है, उनके सामाजिक स्तर पर गहरे संबंध हैं और उनके भागने या सबूतों के साथ छेड़छाड़ की कोई संभावना नहीं है। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया और सुनवाई के लिए 17 सितंबर की तारीख तय की है।

## दो लोगों को कार से कुचलने का आरोपी अरेस्ट


**नई दिल्ली।** पहाड़गंज में दो लोगों को कार से कुचलने के आरोप में 40 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने खून के धब्बे लगी कार को भी जब्त कर लिया है। यह घटना 13 सितंबर देर रात करीब 2.20 बजे चेल्म्सफोर्ड रोड स्थित रेल आरक्षण केंद्र के पास हुई थी। पुलिस को दो लोग घायल मिले थे। उन्हें बाद में लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मध्य जिले के डीसीपी निधिन वाल्सन ने बताया कि घायलों की पहचान बिहार के बांका जिले के कालू दास (50) और अनिल दास (48) के रूप में की गई थी। घटना के संबंध में प्राथमिकी पहाड़गंज थाने में दर्ज की गयी थी। वाहन तथा आरोपी का पता लगाने के लिए एक टीम गठित की गयी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में लाल रंग की एक कार को फुटपाथ के पास लेटे लोगों पर चढ़ते हुए देखा गया। तकनीकी निगरानी और स्थानीय जांच से पता चला कि क्षेत्र में नियमित रूप से चलने वाला ऐसा केवल एक ही वाहन है, जो उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी गोविंद गुप्ता का है। गुप्ता के 'कॉल डिटेल रिकॉर्ड' और लोकेशन का विश्लेषण किया गया, जिससे घटना के समय उसकी मौजूदगी पहाड़गंज के मुंजिया चौक के पास होने की पुष्टि हुई। इसके बाद छापेमारी कर गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। कार भी जब्त कर ली गयी है। आरोपी ने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

# धोखाधड़ी और जालसाजी के केस में शामिल महिला गिरफ्तार, पांच साल से पुलिस को दे रही थी चकमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिले की एंटी बर्गलरी सेल ने धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में शामिल रही महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला पांच सालों से पुलिस को चकमा दे रही थी। इस पर जाली दस्तावेजों के आधार पर एक ही संपत्ति दो बार बेचने का आरोप है। द्वारका कोर्ट ने भी इसे भगौड़ा घोषित कर दिया था। एक फूड डिलीवरी ऐप के जरिए इसे ट्रैक किया गया और मोहन गार्डन से गिरफ्तार कर लिया गया।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार गिरफ्तार की गई महिला का नाम सुमन (48) पत्नी लेफ्टिनेंट हरि चंद निवासी मोहन गार्डन, उत्तम नगर है। इसे 20 फरवरी 2024 को समीक्षा गुप्ता, सीनियर सीजेएम, द्वारका कोर्ट द्वारा अपराधी घोषित किया गया था। इस महिला के खिलाफ नजफगढ़ थाने में केस दर्ज था। पुलिस के अनुसार महिला के आधार कार्ड का विवरण एकत्र कर उसे सहायक ऐप के माध्यम से चलाया, जिसके बाद पता चला कि सुमन के आधार कार्ड पर एक नया मोबाइल नंबर जारी किया गया है। टीम ने उक्त मोबाइल नंबर की लोकेशन हासिल की लेकिन लगातार प्रयासों के बाद भी उसकी लोकेशन की लंबी रेंज के कारण सटीक पता नहीं मिल रहा था। इसके बाद टीम ने सीडीआर का विश्लेषण किया और पाया कि उक्त मोबाइल नंबर पर एक डिलीवरी एप से कई मैसेज प्राप्त हुए थे।



टीम ने उक्त डिलीवरी एप कंपनी से ग्राहक का सटीक स्थान बताने का अनुरोध किया, जिसके बाद डिलीवरी कंपनी ने उक्त मोबाइल नंबर के उपयोगकर्ता का पता प्रदान किया। इसके बाद टीम ने लक्ष्मी विहार, मोहन गार्डन में छापा मार फरार महिला को गिरफ्तार कर लिया। सुमन से लंबी पूछताछ की गई। उसने बताया कि उसके पति की लंबी बीमारी के कारण बहुत पहले मृत्यु हो गई थी। पहले वह कुछ मामूली काम करती थी, लेकिन वह उसके परिवार का भरण-पोषण करने के लिए पर्याप्त नहीं था। 2018 में उसने अपना प्लॉट दो बार जालसाजी के जरिये बेच दिया था।

- जाली दस्तावेजों के आधार पर एक ही संपत्ति को दो बार बेचने का आरोप
- द्वारका कोर्ट ने कर दिया था भगौड़ा घोषित

## पार्किंग विवाद में पड़ोसी ने परिवार पर छोड़ा कुत्ता, छह घायल

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सुभाष पार्क इलाके में मोटरसाइकिल पार्किंग को लेकर हुए झगड़े के दौरान एक पड़ोसी ने कथित तौर पर एक परिवार के लोगों पर अपना पालतू कुत्ता छोड़ दिया। इसके साथ ही अपने दोस्तों के साथ मिलकर उन पर हमला भी किया। इस घटना में परिवार के छह सदस्य घायल हो गए। घटना सोमवार रात करीब 11:30 बजे हुई। जानकारी के अनुसार आरोपी शालू का अपने पड़ोसी केतन (32) के साथ मोटरसाइकिल पार्किंग को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े के दौरान शालू ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर केतन और उसके परिवार के पांच सदस्यों पर हमला कर दिया। मौके से जाने से पहले उसने अपने पालतू कुत्ते को भी उन पर छोड़ दिया था। सभी घायलों को उपचार के लिए जीटीबी और जेपीसी अस्पताल में ले जाया गया। पांच लोगों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि एक व्यक्ति अब भी उपचाराधीन है। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत वेलकम थाने में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों का पता लगाने और उन्हें सलाखों के पीछे धकेलने के लिए टीम बनाई गई हैं। जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनोद दौलतराम नारद, डायरेक्टर एण्ड सिग्नेटरी ऑफ मैसर्स लौरेन्ट एण्ड बेनोन मैनेजमेंट कंसल्टेन्ट्स लि., एम–3/53, डीएलएफ फेज–2, गड़गांव–122002, व फ्लैट नं. 503, डी–विंग, गोकुल गांव, फेज–1, शांति पार्क, मिरा रोड, ठाणे, मुम्बई–401107, व गली नं. 3, प्रथम तल, जय सिंह यादव कॉम्पलैक्स, मेन कापसहेड़ा रोड, पुलिस स्टेशन के पास, दिल्ली–110037, व प्लॉट नं. 824, उद्योग विहार, फेज–5, गुड़गांव–122016** ने केस **सीसी नं. 3665/2018 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद दौलतराम नारद** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद दौलतराम नारद** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **सीसी नं. 3665/2018 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विनोद दौलतराम नारद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**नेहा खेरिया**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
जिला उत्तर, कमरा नं. 319, तृतीय तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/12378/NW/2025**
**(Court Matter)**

# डूसू चुनाव से पहले बढ़ाई गई सुरक्षा

# किरोड़ीमल कॉलेज में छात्र गुटों में हुई झड़प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव प्रचार के दौरान मंगलवार को कथित तौर पर एबीवीपी और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप किया और कार्यकर्ताओं व समर्थकों को तितर बितर किया। इस घटना से कॉलेज परिसर में तनाव का माहौल बन गया था। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से स्थिति को नियंत्रण में लाया गया। डूसू चुनावों को लेकर पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बलों की भी तैनाती की जा रही है। मिली सूचना के अनुसार किरोड़ीमल कॉलेज में मंगलवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय प्रचार के लिए आए थे। आरोप है कि एनएसयूआई के पूर्वांचल कार्यकर्ता उनका सम्मान करने के लिये खड़े थे। इसी दौरान एबीवीपी के कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और हिंसा करने लगे। एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि एबीवीपी के सदस्यों ने कार्यक्रम को बाधित करने के लिए उसके पूर्वांचल छात्र समर्थकों पर हमला किया। एबीवीपी ने किसी भी तरह की हिंसा में शामिल होने से इनकार करते हुये सभी आरोपों को निराधार बताया हैं। उसका कहना है कि एनएसयूआई के समर्थक आपस में भिड़ रहे हैं। झड़प के बाद परिसर में पुलिस टीम तैनात कर दी गई हैं।



### डीयू परिसरों में सुरक्षा का कड़ा पहरा

डूसू चुनाव के लिए 18 सितंबर को मतदान होना है और मतगणना अगले दिन होगी। इसके लिये दिल्ली विश्वविद्यालय परिसरों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बल की टुकड़ियां भी तैनात की गई है। इसके साथ ही निगरानी के नए उपाय भी लागू किए गये हैं। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर और उसके आसपास संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि चुनाव के दौरान सख्त निगरानी रखने के लिए ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को 160 'बॉडी-वॉर्न कैमरे' उपलब्ध कराए गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि इन कदमों का उद्देश्य पूरे क्षेत्र की निगरानी सुनिश्चित करना, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और चुनाव के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकना है। पुलिस अधिकारियों और विश्वविद्यालय प्रशासन ने हाल में सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा के लिए बैठक भी की थी। बैठक में अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि शीशों पर काली फिल्म लगे वाहनों की जांच की जाएगी और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को देंगे। परिसर के पास नाकों पर महिला पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया है।

### डूसू की चारों सीटों पर एबीवीपी ने किया विजय का दावा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रत्याशियों ने पूरे दमखम के साथ कैंपस में व्यापक छात्र-संपर्क कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भारी संख्या में छात्रों की भागीदारी ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि एबीवीपी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और संगठन के प्रति विद्यार्थियों का विश्वास और भी दृढ़ हुआ है। एबीवीपी की तरफ से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी आर्यन मान ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि एबीवीपी के प्रबल और सक्षम नेतृत्व वाला डूसू हमेशा विद्यार्थियों का भरोसा रहा है। इस साल मेट्रो रियायत पास, खेल सामग्री की उपलब्धता, दिव्यांग छात्रों के लिए एक्सेसिबिलिटी ऑडिट और छात्रों को मुफ्त वाई-फाई उपलब्ध कराना हमारे संकल्प का हिस्सा है। हम छात्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमें दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों का व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है। इस बार हम चारों सीटों पर विजय दर्ज कर दिल्ली विश्वविद्यालय को वैश्विक पटल पर शीर्ष पर स्थापित करने का कार्य करेंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **चाँद मोहम्मद उर्फ़ चंद्रू** पुत्र मोहम्मद अकबर, निवासी- जे-1303, जहांगीरपुरी, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 523/2016 धारा 392/394/397/411/34 भा.द.स, थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चाँद मोहम्मद उर्फ़ चंद्रू** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **चाँद मोहम्मद उर्फ़ चंद्रू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **चाँद मोहम्मद उर्फ़ चंद्रू, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 523/2016 धारा 392/394/397/411/34 भा.द.स, थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.10.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री वंदना**
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-02
उत्तरी जिला
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/12311/NW/2025**

नई दिल्ली
बुधवार, 17 सितंबर 2025
अश्विन मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 29, अंक : 154
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

विश्वकर्मा पूजा की मंगलकामनाएं



## संघर्षविराम पर पाकिस्तान का पहला सार्वजनिक कबूलनामा...

# भारत-पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय था संघर्षविराम, ट्रंप की कोई भूमिका नहीं: पाक डिप्टी पीएम डार

पाक के विदेश मंत्री बोले, भारत ने कभी भी नहीं स्वीकारी संघर्षविराम में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता

अमेरिका के मध्यस्थता के प्रस्ताव को भारत ने मामले को द्विपक्षीय बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने पहली बार ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 10 मई को भारत के साथ किए गए संघर्षविराम की असल सच्चाई को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए इसे पूरी तरह से 'द्विपक्षीय' बताया है। जिसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मामले को लेकर दोनों देशों के बीच दर्जनों बार मध्यस्थता कराने के दावे की पोल खुल गई है।

पाकिस्तान की तरफ से यह कबूलनामा किसी और ने नहीं बल्कि खुद विदेश मंत्री और उप-प्रधानमंत्री इशाक डार ने किया है। एक विदेशी मीडिया को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि संघर्षविराम को लेकर जारी बातचीत में भारत ने कभी भी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया। अमेरिका की तरफ से हालांकि इसके लिए एक प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन वो भारत ही था। जिसने इस मामले को पूरी तरह से द्विपक्षीय रखने पर जोर दिया। डार ने ये भी कहा कि जब इस्लामाबाद ने ट्रंप की मध्यस्थता की इच्छा को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के समक्ष रखा तो उन्होंने दो टूक लहजे में हमें ये स्पष्ट कर दिया कि नई दिल्ली, भारत और पाकिस्तान के बीच उठने वाले तमाम मामलों को सख्ती के साथ द्विपक्षीय रखने के ही पक्ष में है। भारत ने पूर्व में ही कई बार अमेरिकी राष्ट्रपति के संघर्षविराम के दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि ये भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय आधार पर हुआ था। जिसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं रही है। दोनों देशों के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच हॉटलाइन पर हुई बातचीत के बाद संघर्षविराम हुआ है। ▶▶ शेष पेज 5 पर



ट्रंप के दर्जनों बार मध्यस्थता कराने के दावे की पोल खुली

### मध्यस्थता का इच्छुक पाकिस्तान

*पाक के विदेश मंत्री के मुताबिक, हमें इस मामले में किसी तीसरे पक्ष की भागीदारी से कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन भारत ने हमें साफ शब्दों में यह बता दिया था कि वो इस मुद्दे को किसी भी कीमत पर द्विपक्षीय ही रखेगा। फिर हमें मामले के द्विपक्षीय रहने पर भी कोई ऐतराज नहीं हुआ। लेकिन हमने इस बात पर जोर दिया कि जो भी संवाद इस दौरान होगा। वह व्यापक स्तर पर होगा। जिसमें पूर्व में हमारी वार्ताओं से जुड़े आतंकवाद, व्यापार, अर्थव्यवस्था और जम्मू-कश्मीर जैसे मसले मुख्य हैं।*

### भारत से बातचीत के लिए तैयार पाकिस्तान

*पाकिस्तान के विदेश मंत्री के मुताबिक, 10 मई की सुबह करीब 8 से 8.20 के बीच वाशिंगटन की तरफ से विदेश मंत्री रुबियो की तरफ से मुझे संघर्षविराम का एक प्रस्ताव भेजा गया था। जिसमें कहा गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाली कोई भी बातचीत एक एकांत जगह पर होगी। लेकिन इसके बाद जब मैं 25 जुलाई को वाशिंगटन में अमेरिका के विदेश मंत्री से मिला और मैंने उनसे पूछा कि वार्ता का क्या हुआ? तो उन्होंने कहा कि भारत इस प्रस्ताव के लिए तैयार नहीं है और उसका कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मामला है। डार ने कहा कि पाकिस्तान द्विपक्षीय वार्ता के लिए राजी है। लेकिन हम बातचीत के लिए किसी के सामने भीख नहीं मांगेंगे। हमारा देश एक शांतिप्रिय देश है और हमारा मत यह है कि बातचीत से आगे का कोई रास्ता निकलेगा। डार ने यह इच्छा भी जताई कि अगर भारत चाहे तो पाकिस्तान उसके साथ बातचीत के लिए तैयार है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अहमदनगर स्टेशन का नाम होगा अहिल्यानगर



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंजूरी मिलने के बाद अहमदनगर रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की अधिसूचना जारी कर दी। सरकार ने स्टेशन का नाम बदलकर अहिल्यानगर रेलवे स्टेशन कर दिया है। इससे पहले ज़िले का नाम बदलकर अहिल्यानगर कर दिया गया था। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने इस पर केंद्र को धन्यवाद दिया।

### मदर डेयरी ने 2 रु. प्रति लीटर घटाए दूध के दाम



**नई दिल्ली।** उपभोक्ताओं को राहत देते हुए मदर डेयरी ने दूध की कीमतों में 2 रुपएप्रति लीटर की कटौती की घोषणा की है। नए दाम 22 सितंबर से लागू होंगे। कंपनी का यह कदम जीएसटी दरों में किए गए संशोधन के बाद उठाया गया है। इसमें जरूरी खाद्य पदार्थों को कर मुक्त कर दिया गया है या कम कर स्लैब में रखा है।

### महिलाओं की वनडे रैंकिंग में टाप पर पहुंची मंधाना



**नई दिल्ली।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में अर्धशतक जड़ने के दम पर मंगलवार को जारी आईसीसी की महिला बल्लेबाजों की नवीनतम वनडे रैंकिंग में नंबर एक स्थान फिर से हासिल कर लिया। स्मृति ने मुल्लांपुर में 3मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में 63 गेंदों पर 58 रन बनाए थे।

## कोलकाता में मंगलवार को तीनों सेनाओं के संयुक्त कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# युद्ध के गैर-परंपरागत खतरों से जुड़ी अदृश्य चुनौतियों से मुकाबले को तैयार रहें सेनाएं: सिंह



**उभरती हुई चुनौतियों के लिए तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता जरूरी है**




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच कोलकाता में आयोजित किए जा रहे सेना, वायुसेना और नौसेना के तीन दिवसीय 'संयुक्त कमांडर सम्मेलन-25 (ट्रिपल-सी)' के दूसरे दिन मंगलवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष कमांडरों को संबोधित किया।

जिसमें सबसे पहले उन्होंने सेनाओं से ये आह्वान किया कि उन्हें युद्ध के परंपरागत खतरों के बाहर मौजूद सूचना, विचारधारा, पारिस्थितिकी और जैविक युद्ध जैसी गैर-परंपरागत अदृश्य चुनौतियों से दो-दो हाथ करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। युद्ध की प्रकृति लगातार बदल रही है और उसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए हालिया संघर्षों ने तकनीक से मित्रता रखने वाली सेना के महत्व को उजागर किया है। उभरती हुई चुनौतियों के लिए तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता जरूरी है। साथ ही दुनिया में हो रहे बदलावों, तनावपूर्ण वैश्विक व्यवस्था, क्षेत्रीय अस्थिरता और उभरते हुए सुरक्षा परिदृश्य के बीच देश के सुरक्षा सिस्टम पर पड़ने वाले प्रभाव का लगातार आकलन करने की आवश्यकता पर भी रक्षा मंत्री ने बल दिया। यहां बता दें कि इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आगाज बीते सोमवार को हुआ था। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया था। बुधवार को सीडीएस जनरल अनिल चौहान सम्मेलन में सैन्य कमांडरों को संबोधित करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रक्षा मंत्री के संबोधन को मीडिया से साझा किया है।

### आत्मनिर्भरता की चाबी सामरिक स्वायत्तता

*उन्होंने कहा कि सामरिक स्वायत्ता आत्मनिर्भरता की चाबी है, जिससे आर्थिक विकास को गति मिलती है और रोजगार सृजन के साथ ही क्षमता बढ़ती है। वर्तमान युग की लड़ाइयां अचानक के साथ ही अप्रत्याशित भी हैं। जिसकी वजह इनकी समय-सीमा का पूर्वानुमान लगाना मुश्किल है। हो सकता है कि लड़ाई दो महीने चले या एक साल या फिर पांच साल तक की भी इनकी अवधि हो सकती है। ऐसे में हमें तैयार रहना पड़ेगा। साथ ही तेज प्रदर्शन के साथ ही हमारी क्षमता भी पर्याप्त होनी चाहिए।*

### सुदर्शन चक्र के लिए बने ऐसी योजना

*रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत का रक्षा क्षेत्र रक्षात्मक और आक्रामक क्षमताओं का मिश्रण प्रस्तुत करता है। जिसे देखते हुए शीर्ष कमांडरों को अतिसक्रिय भूमिका के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुदर्शन चक्र विजन के क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बाबत परियोजना से जुड़ी जरूरी जांच-पड़ताल और एक वास्तविक योजना तैयार करने के लिए हालांकि सरकार की तरफ से एक उच्च-स्तरीय समिति का गठन कर दिया गया है। जिसमें मेरा सुझाव यह है कि अगले पांच वर्षों के लिए एक पंचवर्षीय योजना के तहत मध्यम अवधि की योजना और दीर्घावधि में दस वर्षीय योजना के साथ विजन को धरातल पर अमलीजामा पहनाया जाना चाहिए।*

### ऑपरेशन सिंदूर ने दी असल ताकत

*राजनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में ताकत, रणनीति और आत्मनिर्भरता तीन स्तंभों के रूप में उभरे और इन्होंने देश को ताकत प्रदान की है। जिसकी उसे 21 वीं शताब्दी में दरकार थी। वर्तमान में हम स्वदेशी प्लेटफार्म की मदद से किसी भी चुनौती का मुकाबला करने की क्षमता रखते हैं। इनकी मदद से हमारे जवानों के साहस में भी कई गुना की वृद्धि होती है। यही आत्मनिर्भरता की असल ताकत हैं। उन्होंने अभियान में सशस्त्र सेनाओं द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन की भी सराहना की। राजनाथ सिंह के मुताबिक, आत्मनिर्भरता को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। ये केंद्र सरकार का केवल एक नारा नहीं है। बल्कि एक आवश्यकता है। जो सामरिक स्वायत्तता के लिए जरूरी है। भारत का रक्षा क्षेत्र आधुनिकीकरण, रणनीतिक तैयारी, तकनीकी बढ़त और विश्वसनीय बचाव या सुरक्षा पर केंद्रित है। जिसे देखते हुए पीएम के मार्गदर्शन में हम जय के मंत्र पर चल रहे हैं। जिसका अर्थ जाइंटनेस, आत्मनिर्भरता और इनोवेशन है। उन्होंने रक्षा खरीद नियमावली-25 को दी गई मंजूरी का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य खरीद प्रक्रिया को सरल बनाना है।*

## भारत पहले ही सबूत दे चुका, अब बोला जैश कमांडर

# ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के हमले में टुकड़े-टुकड़े हो गया मसूद अजहर का परिवार



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के चार महीने के बाद पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की तरफ से इस बात की पुष्टि की गई है कि भारत द्वारा 7 मई को बहावलपुर के अंदर की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में मौलाना मसूद अजहर का पूरा परिवार खत्म हो गया है यानी उनके टुकड़े-टुकड़े हो गए। जैश के टॉप कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने पाकिस्तान में हुई एक रैली के दौरान मंच से दिए अपने भाषण में इस तथ्य का खुलासा किया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। हालांकि भारत ने अपने सैन्य अभियान की मदद से पाकिस्तान को 7 से 10 मई के बीच हुए भयंकर नुकसान के बारे में पहले ही पुख्ता साक्ष्यों के साथ सच्चाई दुनिया के सामने रख दी थी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मीडिया को इस अभियान के बारे में जानकारी देने के लिए सामने आई सेना की एक महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी ने भी जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी ठिकाने को निशाना बनाने की योजना का खुलासा किया था। लेकिन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारतीय सेनाओं ने सब खाक कर दिया

*जैश कमांडर वीडियो में यह कहता हुआ नजर आ रहा है कि हम अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए दिल्ली से लेकर काबुल और कंधार तक लड़े। लेकिन भारत की सेनाओं ने सब कुछ कुर्बान होने के बाद भी 7 मई को मसूद अजहर के परिवार को खत्म कर दिया। बहावलपुर में उनके परिवार को रेजा-रेजा ( टुकड़े-टुकड़े) कर दिया गया। 2000 के शुरुआती दशक में मसूद अजहर ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की स्थापना की थी। जिसके बाद से आतंकी संगठन बीते कुछ दशकों से भारत में खासतौर पर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का अपना खूनी खेल खेलने में लगा हुआ है।*

### 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया था

*भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान के समर्थन से किए गए आतंकी हमले के जवाब में 7 मई की मध्यरात्रि के बाद ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई की थी। जिसमें भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तान और पीओके में कुल 9 आतंकी ठिकानों में मौजूद 100 से अधिक आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया गया था। इसी हमले में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित बहावलपुर में मौजूद जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय को भी निशाना बनाया* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## दोनों देशों के व्यापार प्रतिनिधियों के बीच मंगलवार को राजधानी में हुई बातचीत से निकला यह निष्कर्ष

# पारस्परिक रूप से लाभप्रद व्यापार समझौते तक पहुंचने के प्रयासों में तेजी लाएंगे भारत-यूएस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की चुनौती के बीच मंगलवार को दोनों देशों के व्यापार प्रतिनिधियों के बीच नई दिल्ली में एक बार फिर से बातचीत के सिलसिले की शुरुआत हुई। जिसमें भाग लेने के लिए बीते सोमवार देर रात अमेरिका के मुख्य व्यापार वार्ताकार ब्रैंडन लिंच भारत पहुंचे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने 16 सितंबर को जारी एक बयान में बताया कि ब्रैंडन लिंच के साथ हुई बातचीत में भारत की तरफ से वाणिज्य मंत्रालय के अधिकारी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में शामिल हुए। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कहा, इलेक्ट्रॉनिक कचरे के निपटान के लिए हर जिले में ई-वेस्ट कलेक्शन सेंटर्स स्थापित करने का सरकार का लक्ष्य

# राज्य में 13 इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट्स स्थापित करने की योजना: नायब

- मुख्यमंत्री ने नागरिकों से किया आह्वान, पानी बचाएं, पेड़ लगाएं और वातावरण को स्वच्छ बनाए रखें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रदूषण नियंत्रण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को स्टेट एनवायरमेंट प्लान-2025 का शुभारंभ और नॉन-सीओ2 पाथवेज़ रिपोर्ट 2025-26 का विमोचन किया। यह कदम हरियाणा के सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस योजना ▶▶ शेष पेज 5 पर

## प्रधानमंत्री मोदी आज धार जिले के भैंसोला ग्राम आएंगे यहां देश के पहले पीएम मित्र पार्क का करेंगे शिलान्यास

# मप्र के करीब 3 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार पीएम मोदी अपने जन्मदिन पर देंगे यह 'बड़ा उपहार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मप्र के धार जिले के ग्राम भैंसोला आएंगे। वे स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान और आदि सेवा पर्व का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही देश के पहले पीएम मित्र पार्क (पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल रीजन एंड अपैरल) का शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री का जन्मदिन भी आज 17 सितंबर को है। वे अपने जन्म दिन पर मप्र के तीन लाख युवाओं को पीएम मित्र पार्क के जरिए रोजगार की सौगात देंगे। इसमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी जिस पार्क का शिलान्यास कर रहे हैं, इसका सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के कपास उत्पादकों को मिलेगा। लगभग 2158 एकड़ में विकसित होने वाला पीएम मित्र पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां 20 एमएलडी का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, 10 एमवीए का सौर ऊर्जा संयंत्र, पानी और बिजली की ▶▶ शेष पेज 5 पर




## टीम इंडिया को मिला नया स्पॉन्सर

# अपोलो टायर्स ने मारी बाजी 579 करोड़ रुपए में हुई डील

एक मैच के लिए 4.5 करोड़ से अधिक का भुगतान करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




भारतीय क्रिकेट टीम को नया जर्सी स्पॉन्सर मिला गया है। टीम इंडिया की जर्सी पर अब अपोलो टायर्स का नाम छपेगा। ऑनलाइन गेमिंग कंपनी ड्रीम-11 के साथ डील रद्द होने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को नए टाइटल स्पॉन्सर की घोषणा की। अपोलो टायर्स का बीसीसीआई के साथ ढाई साल के लिए करार हुआ है। यह करार मार्च 2028 तक के लिए है। अपोलो टायर्स का लोगो सभी प्रारूपों में भारतीय पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीमों की जर्सी पर दिखाई देगा। भारतीय पुरुष टीम फिलहाल एशिया कप 2025 में बगैर स्पॉन्सर के खेल रही है। वहीं, भारतीय महिला क्रिकेट टीम भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज में के बिना स्पॉन्सर के खेल रही है। अपोलो टायर्स द्वारा की गई डील की कीमत 579 करोड़ रुपए है। अपोलो टायर्स बीसीसीआई को एक मैच के लिए 4.5 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान करेगा। यह ड्रीम 11 के साथ हुए 358 करोड़ रुपए के समझौते से ज्यादा है। भारत का इंटरनेशनल क्रिकेट शेड्यूल काफी बिजी रहने वाला है, जिससे नए स्पॉन्सर को वैश्विक स्तर पर अहम पहचान मिलेगी। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 'पितृ पक्ष' में बिहार कांग्रेस की नई चुनाव समिति की घोषणा

# बड़ा सवाल, कागज़ी संतुलन से क्या सचमुच बदलेगी तस्वीर?

- लोगों ने उठाए सवाल शुभ समय का इंतजार क्यों नहीं किया?
- बिहार कांग्रेस संगठनात्मक कमजोरी और गुटबाज़ी से जूझ रहा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मंगलवार को कांग्रेस ने अपनी नई प्रदेश चुनाव समिति का गठन कर दिया है। कुल 39 सदस्यों वाली इस समिति में पुराने अनुभवी नेताओं से लेकर नए चेहरों तक को जगह दी गई है। कागज़ पर यह समिति काफी संतुलित और विविधतापूर्ण दिखती है, लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ▶▶ शेष पेज 5 पर

39 सदस्यों में पुराने अनुभवी के साथ नए चेहरों को दी जगह




हरिभूमि विश्लेषण

### पितृ पक्ष में घोषणा पर सवाल

*बिहार सहित हिंदी पट्टी में पितृ पक्ष का अपना महत्व है। कोई भी शुभ कार्य से इस दौरान परहेज किया जाता है। सवाल पार्टी के भीतर से उठे की जब 21 को पितृ पक्ष खत्म हो रहा था तो चुनाव प्रबंधन के लिए बेहद महत्वपूर्ण टीम की घोषणा के लिए शुभ समय का इंतजार करना क्यों मुनासिब नहीं समझा गया?*

### असली चुनौती

*कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती गठबंधन के भीतर अपनी ताकत साबित करना है। महागठबंधन में राजद का पलड़ा हमेशा भारी रहा है। सीट बंटवारे की बातचीत में कांग्रेस तभी सम्मानजनक स्थिति हासिल कर सकेगी, जब उसकी ज़मीनी पकड़ मज़बूत हो। लेकिन सच यह भी है कि बिहार कांग्रेस सालों से संगठनात्मक कमजोरी और गुटबाज़ी की बीमारी से जूझ रही है।*

### जनता का भरोसा

*कांग्रेस नेताओं की लिस्ट लंबी है, लेकिन जनता का भरोसा छोटी चीज़ नहीं। जनता तभी आकर्षित होगी जब समिति के सदस्य केवल मीटिंग और बयानबाज़ी तक सीमित न रहकर गाँव-गाँव, शहर-शहर सक्रिय होंगे। वरना यह समिति भी पहले की तरह केवल एक औपचारिक घोषणा बनकर रह जाएगी। पार्टी के एक कद्दावर नेता ने कहा, नई चुनाव समिति कांग्रेस के लिए अवसर है। पार्टी चाहे तो इससे नई ऊर्जा और ताक़त हासिल कर सकती है। लेकिन यदि समिति गुटबाज़ी की भेंट चढ़ गई, तो बिहार में कांग्रेस की हालत जस की तस रहेगी। यह समिति कांग्रेस के लिए आशा की किरण भी है और कसौटी भी।*

## खबर संक्षेप

### दुकानदार को किया घायल, आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** ब्लैड मारकर दुकानदार को घायल करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी सेक्टर-11 फरीदाबाद में अर्जुन निवासी कमटोल जिला दरभंगा, बिहार हाल सिही, शिकायत में आरोप लगाया कि जब वह 12 सितंबर को 12 बजे सेक्टर 10-11 रोड पर स्थित अपने खोखा पर जा रहा था तो रास्ते में उसे शेखर नाम का लडका खड़ा मिला।

### मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** शराब के पैसे ना देने पर चाकू मारने व मारपीट करने के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी अग्रसेन में मनीष निवासी सेक्टर-2 बल्लभगढ़ ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि 11 अगस्त को वह स्कूटी से अपने ऑफिस जा रहा था। जब वह ब्रहमा कुमारी पार्क के पास पहुंचा तो कुलदीप ने उसकी स्कूटी रुकवा ली और उसे बोला कि उनकी शराब की बोतल खत्म हो गई है।

### चोरी के मामले में दो आरोपी धराए



**फरीदाबाद।** गोदाम से सामान चोरी करने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-85 की टीम ने मैनेजर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नीरज निवासी सेक्टर-64 फरीदाबाद ने थाना आदर्श नगर में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 6 सितम्बर को उसने गोदाम के सामान की चेकिंग कि तो कुछ सामान कम पाया।

# वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार योगेश कथुनिया

योगेश को न केवल अपने देश में खेलने का मौका मिलेगा बल्कि अपनों के बीच अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर भी मिलेगा। उनका पूरा परिवार वहाँ मौजूद रहेगा, जो हर थ्रो, हर पल में उनका हौसला बढ़ा रहा होगा।

- आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 27 सितंबर से 5 अक्टूबर तक होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारत पहली बार इंडियनऑयल वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है। पुरुष डिस्कस थ्रो एफ56 में सिल्वर मेडल जीत चुके योगेश कथुनिया पहले से कहीं ज्यादा तैयार और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।

इंडियन ऑयल द्वारा प्रायोजित यह आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 27 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक होगा। यह चैम्पियनशिप ऐतिहासिक है, क्योंकि पहली बार इतना बड़ा पैरा एथलेटिक्स आयोजन भारत और पूरे दक्षिण एशिया में हो रहा है। इसके साथ ही योगेश को न केवल अपने देश में खेलने का मौका मिलेगा बल्कि अपनों के बीच अपने कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर भी मिलेगा।



उनका पूरा परिवार वहाँ मौजूद रहेगा, जो हर थ्रो, हर पल में उनका हौसला बढ़ा रहा होगा। अपनों का स्टेडियम में होना सिर्फ भावनात्मक सहारा नहीं देता, बल्कि दबाव को ताकत में बदलने की शक्ति भी देता है। योगेश कहते हैं, अपने देश में वर्ल्ड चैम्पियनशिप खेलना जिंदगी में एक बार मिलने वाला अनुभव है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं। योगेश जिन्होंने टोक्यो 2020 पैरालंपिक्स में एफ56 डिस्कस थ्रो इवेंट में सिल्वर मेडल जीता था, इस चैम्पियनशिप में एक साफ लक्ष्य के साथ उतर रहे हैं, जो अपना ही रिकॉर्ड तोड़ना होगा। वह लगातार कड़ी मेहनत कर रहे हैं, अपनी तकनीक को और अधिक निखार रहे हैं और थ्रो को बेहतर बना रहे हैं। योगेश कहते हैं, मेरा लक्ष्य है कि मैं यहाँ दिल्ली में अपना रिकॉर्ड तोड़ूं। मैं ब्राज़ील के मजबूत थ्रोअर बटिस्टा डॉस सैंटोस से मुकाबले का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूँ, यह मेरे लिए एक बड़ी चुनौती होगी। योगेश की उम्मीद है कि यह चैम्पियनशिप सिर्फ मेडल और रिकॉर्ड तक सीमित न रहकर लोगों के लिए प्रेरणा बने।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न

# बढ़ते जाम की समस्या प्रतिदिन बढ़ने से जनता हो रही परेशान: सांसद गर्ग

**खास बातें**

- सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया
- अधिकारियों को दिए निर्देश मामलों को गंभीरता के साथ हल कराए
- प्रदूषण विभाग को अपने कार्यों में अत्यधिक सुधार की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

स्थानीय सांसद व जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) के अध्यक्ष अतुल गर्ग ने मंगलवार को कहा कि जिले में जाम,बढ़ते प्रदूषण की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। जिस कारण जनता परेशान है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन मामलों को गंभीरता के साथ हल कराए, ताकि जनता राहत महसूस कर सके।



**बैठक की अध्यक्षता अतुल गर्ग ने की**

*आयोजित दिशा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे। बैठक में बागपत के सांसद सांसद गाजियाबाद एवं अध्यक्ष अतुल गर्ग राजकुमार सांगवान, महापौर श्रीमती सुनीता दयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर ममता त्यागी, विधायक संजीव शर्मा, अजीत पाल त्यागी, नंदकिशोर गुर्जर धौलाना विधायक धर्मेश तोमर शामिल रहे। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।*

**वायु-जल प्रदूषण पर लगे रोक**

*वायु-जल प्रदूषण एवं गंदगी के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए इसके निस्तारण हेतु विस्तार से जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि लोनी क्षेत्र में जींस रंगाई फैक्ट्रियों द्वारा कलर और केमिकल वाला दूषित जल डायरेक्ट भूगर्भ में डाला जा रहा है, जिस पर अध्यक्ष ने कहा कि जल एवं भूगर्भ जल को दूषित करने वालों के खिलाफ टीम बनाकर अभियान चलाया जाएं और सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएं।*

**एनएचआईए की सड़क का मामला**

*जनप्रतिनिधियो ने कहा कि नेशनल हाईवे पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाएं और जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। निर्देशित किया हाईवे पर कट से पूर्व साईन बोर्ड लगाए जाएं जिससे यात्री को भटकना ना पड़ें।*

**पानी की टंकियों एवं सड़कों की मरम्मत**

*जनप्रतिधियों ने जनपद में पानी की टंकियों को दूरस्थ कराने की बात कहीं गई। जिस पर जल निगम द्वारा बताया गया कि पानी की टंकियों की मरम्मत व देख-रेख का कार्य नगर पंचायत व नगर पालिका परिषद का होता है वह कार्य उन्हें स्वयं करना है, जो हैंड ओवर नहीं हुई है उन्हें भी दूरस्थ कर शीघ्र ही हैंड ओवर कर दिया जायेगा। अध्यक्ष ने जल निगम को निर्देशित किया कि योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों इसके साथ अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि जनपद में जाम की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है इस ओर ध्यान दिया जाएं। उन्होने जीएसटी विभाग को निर्देशित किया कार्य ईमानदारी एवं कर्त्तव्यनिष्ठा से करें साथ ही सहानुभूति भी रखे। प्रदूषण विभाग को अपने कार्यों में अत्यधिक सुधार की आवश्यकता हैं, लोनी क्षेत्र में अभियान चलाने की आवश्यकता है। दूधेश्वर नाथ मंदिर के कार्यों में तेजी लाई जाएं। नगर निगम डॉग सेल्टर के कार्य में गति लाएं। कहा कि डेंगू मरीज बढ़ते जा रहे है, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट रहते हुए आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।*

## 14 दिन की न्यायिक हिरासत में देहातीवुड फिल्म अभिनेता कुमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



देहातीवुड के फिल्म अभिनेता उत्तर कुमार को मंगलवार को अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उत्तर कुमार को गाजियाबाद पुलिस ने सोमवार को अमरोहा के एक फार्म हाउस से गिरफ्तार किया था लेकिन रास्ते में उसकी तबीयत बिगड़ गई । जिस कारण उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सोमवार को उसके परिजनों ने आरोप लगाया था कि उत्तर कुमार को जहर खिला दिया गया है। इसलिए उसकी हालत बिगड़ रही है लेकिन आज पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद और मेडिकल परीक्षण के बाद एससी एसटी अदालत में पेश किया। जहां से उसे 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस दौरान कोर्ट परिसर में लोगों का हुजूम रहा। उत्तर कुमार पर एक महिला अभिनेत्री ने दुष्कर्म व जाति सूचक शब्द कहकर शोषण करने का आरोप लगाया था। इस संबंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसमें पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट लगा दी थी लेकिन बाद में कोर्ट के आदेश के बाद फिर शालीमारगढ़ थाना में एफआईआर दर्ज हुई। पीड़िता ने लखनऊ में खुदकुशी करने की कोशिश की थी। मामला काफी गरमा गया था इसके बाद गाजियाबाद पुलिस ने उसे सोमवार को अमरोहा के एक फार्म से गिरफ्तार किया था। हिरासत में लिए जाने के बाद अभिनेता ने पुलिस को यह कहकर डराया कि उसने कुछ जहरीला पदार्थ खा लिया है। एक्टर को 24 घंटे से ज्यादा अस्पताल में निगरानी में रखा गया। इस दौरान उत्तर कुमार की पत्नी परिजनों और जानकारों ने पुलिस कमिश्नरेट पर प्रदर्शन भी किया।

### सिम कार्ड उपलब्ध करवाने वाला गिरफ्तार

## गैस कनेक्शन काटने के नाम पर एक लाख 57 हजार रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



गैस कनेक्शन काटने के नाम पर 1,57,709 रुपए की धोखाधड़ी के मामले में सिम कार्ड उपलब्ध करवाने के मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सैंट्रल में एनएचपीसी में काम करने वाले सेक्टर-62 नोएडा निवासी एक व्यक्ति ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास 29 अगस्त को गैस कनेक्शन को काटने के संबंध में मैसेज आया। मैसेज में दिए गए नम्बर पर जब उसने बात की तो उसे कहा गया कि उसके गैस कनेक्शन के बिल का भुगतान नहीं हुआ जिसपर उसने भुगतान होने की बात कही। तो ठग ने उसे बिल अपडेट ना होने की बात कही और उसके पास एक एपीके फाईल का लिंक भेजा और पैमेंट करने को कहा जिस लिंक पर उसने अपने दो क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने की कोशिश की लेकिन पैमेंट फेल हो गई। लेकिन कुछ देर बाद उसके दोनों क्रेडिट कार्ड से कुल 1,57,709 रुपए कट गए। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी समीर अन्सारी निवासी नियर शिव मोहल्ला सुरिया जिला गिरिडीह झारखंड को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि समीर अंसारी ठगों के लिए सिम उपलब्ध कराने का काम करता है। आरोपी 10वी पास तथा बेरोजगार है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### ड्राइविंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया

## फरीदाबाद पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 5081 चालान जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिला फरीदाबाद 5 सितंबर से 14 सितंबर 2025 तक लेन ड्राइविंग, नॉइज़ पॉल्यूशन एवं ड्रंकन ड्राइविंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाना तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना रहा। अभियान मुख्यतः संभावित सड़क दुर्घटना वाले स्थानों एवं नेशनल हाईवे-44 पर चलाया गया, जहां ट्रैफिक पुलिस एवं थाना चौकियों की टीमों ने नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच की। अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल 5081 चालान जारी किए गए। इनमें लेन ड्राइविंग के 4321 चालान, नॉइज़ पॉल्यूशन जैसे डीजे, लाउडस्पीकर, बुलेट पटाखा, अनधिकृत सायरन एवं प्रेशर हॉर्न के 220 चालान तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध 540 चालान शामिल हैं। इस सख्त कार्रवाई का मकसद सड़क पर अनुशासन स्थापित करना और उन चालकों पर शिकंजा कसना है जो अपनी लापरवाही से न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान को भी खतरे में डालते हैं। डीसीपी ट्रैफिक जयवीर राठी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि लेन ड्राइविंग का पालन करें, वाहनों में अनावश्यक शोर करने वाले उपकरणों का प्रयोग न करें तथा नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें।

### विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

## डीपीजी डिग्री कॉलेज में अंतराष्ट्रीय ओजोन दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

अंतराष्ट्रीय ओजोन दिवस पर सेक्टर 34 स्थित डीपीजी डिग्री कॉलेज के विभिन्न विभागों के विधार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। इस दौरान डीपीजी डिग्री कॉलेज के चेयरमैन राजेंद्र गहलोत, वाइस चेयरमैन दीपक गहलोत, डॉ. एसएस बोकन, डॉ. माधवी भाटिया, रजिस्ट्रार अशोक गोगिया, डायरेक्टर डॉ. प्रिया शुक्ला और डीन एकेडमिक डॉक्टर धर्मवीर सिंह मौजूद रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ जीव विज्ञान विभाग प्रमुख डॉक्टर अमिता सिंह के द्वारा बच्चों को अंतराष्ट्रीय ओजोन दिवस के बारे में बता कर किया गया इसके बाद कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एस एस बोकन ने ओजोन की परत के बारे में विद्यार्थियों को बताया। वहीं रजिस्ट्रार डॉ. अशोक गोगिया ने विद्यार्थियों के साथ प्रकृति के बारे मे अपनी जानकारी सांझा करते हुए प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझाया। प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान सभी विभागों के विभाग अध्यक्षों डॉ. रीना, डॉ. प्रियंका, डॉ. रेखा, डॉ. ऋतु, डॉ. नलिनी, श्रीमती स्वाति तथा श्रीमती पूजा ने प्रतियोगिताओ का आंकलन कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के दौरान जीव विज्ञान विभाग के सभी प्रोफ़ेसर उपस्थित रहें एवं कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन में अपना अहम योगदान दिया। जन जीवन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉक्टर अमिता सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए सभी का आभार जताया और कहा कि छात्रों का पर्यावरण के प्रति झुकाव सराहनीय है।

### 2035 तक फरीदाबाद का सकल नामांकन अनुपात 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य

# प्रदेश के राजस्व मंत्री गोयल ने मानव रचना में शिक्षा का दीप लॉन्च किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद (बिजेन्द्र शर्मा)

मानव रचना शैक्षिक संस्थानों ने मंगलवार को अपने दूरदर्शी संस्थापक चांसलर डॉ. ओ.पी. भल्ला की 12वीं स्मृति दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, शहरी स्थानीय निकाय एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल की उपस्थिति में संस्थान ने शिक्षा का दीप कार्यक्रम की घोषणा की। यह एक रणनीतिक छात्रवृत्ति पहल है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए उच्च शिक्षा में भागीदारी बढ़ाना और 2035 तक फरीदाबाद का सकल नामांकन अनुपात 50 प्रतिशत तक पहुंचाना है। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला, उपाध्यक्ष डा. अमित भल्ला, मुख्य सरंक्षिका डॉ. सत्य भल्ला और डॉ. एन.सी. वाधवा, महानिदेशक एवं डॉ. ओ.पी. भल्ला फाउंडेशन के उप.अध्यक्ष अन्य वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ मानव रचना शैक्षिक संस्थानों की ओर से उपस्थित थे।

मंत्री गोयल ने कहा कि यह देखना प्रेरणादायक है कि सामूहिक प्रयास कैसे सामाजिक बदलाव ला सकते हैं। डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन जैसी पहलों के माध्यम से एनजीओ, उद्योग के नेता और नागरिक शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण के लिए साथ आते हैं, जिसमें बड़े पैमाने पर रक्तदान अभियान और

**डॉ. ओ.पी. भल्ला का 12वां स्मृति दिवस मनाया**




अन्य परोपकारी कार्यक्रम शामिल हैं। इन पहलों को आगे बढ़ाने में व्यक्तियों और परिवारों की निष्ठा यह दर्शाती है कि सच्ची सेवा व्यक्तिगत और पेशेवर सीमाओं से परे होती है। मैं युवाओं से आग्रह करता हूं कि वे इस उदाहरण का अनुसरण करें, समाज में सक्रिय योगदान दें, जरूरतमंदों का समर्थन करें और अपनी ऊर्जा रचनात्मक कार्यों में लगाएं।

सेवा के प्रति समर्पण और दान की संस्कृति को बढ़ावा देकर हम अपने समुदायों को मजबूत कर सकते हैं और 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने के बड़े दृष्टिकोण की दिशा में काम कर सकते हैं। डॉ. सत्या भल्ला ने कहा कि डॉ. ओपी भल्ला का नेतृत्व उनके दृष्टिकोण और शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण के प्रति समर्पण से परिभाषित था। वे समुदायों को सशक्त बनाने और सभी के लिए अवसर पैदा करने में विश्वास रखते थे। उनकी विरासत ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जीवित है जो जीवन बदलते हैं और हम सभी को उनके मूल्यों और एक बेहतर, समावेशी समाज बनाने की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा कि डॉ. ओपी भल्ला हमेशा समाज की सेवा और उसके हर वर्ग को ऊपर उठाने में विश्वास रखते थे।

परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों के सहयोग से मानव रचना परिवार उनकी विरासत को आगे बढ़ा रहा है। उनकी दृष्टि एक मुनी दान जैसी पहलों के माध्यम से जीवित है, जहां इस वर्ष हमने जरूरतमंदों के लिए 37000 किलो अनाज एकत्र किया और इतने वर्षों में 69 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। हम शिक्षा का दीप कार्यक्रम का विस्तार करके फरीदाबाद के अधिक छात्रों को लाभान्वित करेंगे। इसके बाद मंत्री गोयल द्वारा उद्घाटन किए गए मेगा रक्तदान शिविर में छात्रों, शिक्षक और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें 1857 यूनिट रक्तदान हुआ। डोनेट लाइफ अंगदान पहल के तहत 331 व्यक्तियों ने अंगदाता के रूप में पंजीकरण कराया। 451 प्रतिभागियों ने रक्त स्टेम सेल दान के लिए पंजीकरण करने की प्रतिज्ञा की, जिससे गंभीर रोगों से लड़ रहे मरीजों को आशा मिली, यह पहल डेट्री फाउंडेशन के सहयोग से हुई।

### पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया

## विदेश भेजने और नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



विदेश भेजने और नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी के मामले में साईबर थाना सेंट्रल की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सैंट्रल में ओल्ड फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने फेसबुक अरिया इंटरनेशनल एचआर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी का विज्ञापन देखा जिसमें विदेश में नौकरी दिलाने के बारे में बताया गया था। फिर उसने दिए गए नंबर पर कॉल किया जिन्होंने वीजा के बाद आधी पैमेंट व टिकट होने के बाद आधी पैमेंट देने की बात हुई। शिकायतकर्ता ने अपने सारे डॉक्युमेंटस उनके पास भेज दिये, इसके उपरांत ठगों ने उसके पास अल्बानिया देश जाने के लिए एक वीजा भेजकर 40 हजार रुपए देने को कहा। कुछ दिन बाद उसके पास ठगों ने एक जॉब ऑफर लेटर व एक टिकट भेजा, जिस पर शिकायतकर्ता ने ठगों के पास 1,19,000 रुपए उनके पास भेजे। जब 15 अगस्त को तय समय पर एयरपोर्ट पहुंचा तो उसे पता चला कि उसका वीजा और टिकट फेक है। शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए करनाल वासी एक महिला हरजीत काल्पनिक नाम, साजिद निवासी मुज्जफरनगर यूपी व आरिफ खान नजदीक जन इंटर कॉलेज जिला मुज्जफरनगर उत्तर प्रदेश हाल शारदा कॉलोनी जयसिंह पुरा खोर, जयपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने गोविंदपुरी दिल्ली में अपना एक ऑफिस बना रखा है, जहां पर विदेश भेजने के नाम पर ठगी का धंधा करते हैं, अपना ऑफिस भी बदल देते हैं। आरोपियों ने अलग-अलग समय पर शिकायतकर्ता को झांसे में लेने के लिए फोन पर बात की थी। हरजीत काल्पनिक नाम के खाता में ठगी के 40 हजार रुपए आए थे। आरोपियों को अदालत से पुलिस रिमांड पर लिया हुआ है।

### अमित शाह आज प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिन पर त्यागराज स्टेडियम में कई योजनाओं का करेंगे शुभारंभ

# दिव्यांगों की देखभाल करने वालों को हर माह मिलेंगे 6 हजार रुपए : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार दिव्यांगों की देखभाल करने वालों को हर माह 6 हजार रुपए देगी। इस बात की घोषणा मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना समेत दिल्ली के विकास से संबंधित कई नई योजनाओं को शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर दिल्ली सरकार द्वारा त्यागराज स्टेडियम आयोजित लोकार्पण समारोह में करेंगे। इस लोकार्पण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस योजना के अलावा 5 अस्पतालों में नए ब्लॉक, 100 डायलिसिस मशीन, दिल्ली पुलिस को 75 ड्रोन सुपुर्द, दिव्यांग छात्राओं के लिए हॉस्टल, 101 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 24 अग्नि रक्षक क्विक रिस्पांस वाहन, 2 वेस्ट टू एनर्जी प्लांट, सावित्रीबाई फुले वरिष्ठ नागरिक गृह और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों हेतु 10 थेरेप्यूटिक केंद्र सहित कई योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग सहायता योजना के संबंध में कहा कि दिल्ली कैबिनेट की पिछली हुई बैठक में इस योजना को पारित कर दिया गया था। मुख्यमंत्री के अनुसार दिव्यांगजन हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। उन्हें गरिमापूर्ण और आत्मनिर्भर जीवन जीने का अधिकार है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि कोई भी व्यक्ति अपनी दिव्यांगता के कारण उपेक्षित या असहाय महसूस न करे। मुख्यमंत्री ने बताया समाज कल्याण विभाग की यह योजना उन दिव्यांगजनों के लिए है, जिन्हें 40 प्रतिशत या उससे अधिक की दिव्यांगता है और जिन्हें जिला स्तरीय आकलन बोर्ड द्वारा 60 से 100 स्कोर के बीच उच्च सहयोग प्रमाणित किया गया है।




#### दिव्यांगों को मानसिक और भावनात्मक रूप से भी सहारा देगी योजना

मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि हमारी सरकार की यह पहल दिव्यांगजनों के लिए समर्पित है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उन्हें आवश्यक सहयोग और संसाधन उपलब्ध हों ताकि वे अपनी आवश्यक जरूरतों को पूरा कर सकें। यह योजना दिव्यांगजनों और उनके परिजनों को सम्मान और सुरक्षा प्रदान करने का माध्यम बनेगी, साथ ही उन्हें मानसिक और भावनात्मक रूप से भी सहारा देगी। यह योजना सुनिश्चित करेगी कि दिव्यांगजन करुणा के पात्र न होकर समाज में सक्रिय और सम्मानित नागरिक बन सकें।

इस योजना के तहत पात्र लाभार्थी को प्रतिमाह 6 हजार रुपए की राशि सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खाते में भेजी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य देखभाल करने वाले सहायक (केयरटेकर) का खर्च, फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, ऑक्युपेशनल थेरेपी, मनोवैज्ञानिक परामर्श, सहायक उपकरणों तथा अन्य आवश्यक सहयोग सेवाओं के लिए है। रेखा गुप्ता के अनुसार इस योजना के लिए पात्रता मानदंड भी निर्धारित किए गए हैं। लाभार्थी कम से कम पांच वर्ष से दिल्ली में निवास करता हो, परिवार की वार्षिक आय 1 लाख रुपये से अधिक न हो, साथ ही आधार कार्ड से लिंक्ड सत्यापन भी हो। उन्होंने कहा कि पात्र दिव्यांग नागरिक ई-डिसट्रिक्ट पोर्टल पर पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद जिला समाज कल्याण अधिकारी आवेदन को प्रक्रिया में लाएंगे और संबंधित आकलन बोर्ड द्वारा सत्यापन कराया जाएगा। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि इस योजना का महत्व केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है। यह पहल दिव्यांगजनों की सामाजिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देगी। अब तक अधिकांश परिवारों पर देखभाल और चिकित्सा से जुड़ा खर्च एक बड़ा

## पीएम के जन्मदिन पर 'नमो प्रगति दिल्ली-बाल स्वर से राष्ट्र स्वर तक' गीत लांच




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विशेष रूप से तैयार किए गए गीत 'नमो प्रगति दिल्ली-बाल स्वर से राष्ट्र स्वर तक' को औपचारिक तौर पर लॉन्च किया। इस गीत को दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चों ने अपनी आवाज में गाया है, जिसमें भारत की विविध भाषाओं के सुर समाहित हैं। यह गीत प्रधानमंत्री की राष्ट्र निर्माण यात्रा और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प का सशक्त प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने बच्चों को विशेष बधाई दी, जिन्होंने प्यार और अपनेपन से सुंदर गीत और वीडियो तैयार किया और विभिन्न भाषाओं में प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री के लिए एक बहुत बड़ा और अनमोल उपहार बताया। मुख्यमंत्री के सचिवालय पहुंचते ही दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसमें 50 से अधिक सरकारी विद्यालयों ने सक्रिय भागीदारी की, जिसमें गायन, नृत्य, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी और कोरियोग्राफी जैसी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। साथ ही 400 से अधिक छात्रों ने इस विशेष गीत के रिकॉर्डिंग, रचना और प्रस्तुति में योगदान दिया, जो सीधे प्रधानमंत्री को समर्पित है। गीत के अलावा छात्रों ने 300 से अधिक हस्तनिर्मित शुभकामना कार्ड भी तैयार किए, जिनमें उन्होंने व्यक्तिगत जन्मदिन की बधाइयां लिखीं। ये कार्ड मुख्यमंत्री को सौंपे गए, जिन्होंने छात्रों को आश्वस्त किया कि वह इन्हें स्वयं, साथ ही इस गीत के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाएंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उन्हें गले लगाकर उनका उत्साह बढ़ाया और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया तथा सामूहिक सेल्फी भी ली। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद और मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल की गहराई से मेरी और समस्त दिल्लीवासियों की ओर से जन्मदिन की ढेरों बधाई और शुभकामनाएं। ईश्वर की कृपा आप पर और आपके माध्यम से पूरे भारत वर्ष पर बनी रहे। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल गीत नहीं बल्कि राष्ट्र की सामूहिक भावना का स्वर है, जिसे इन छोटे बच्चों ने साकार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की शुभकामनाएं और उनका आशीर्वाद प्रधानमंत्री के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

## दिल्ली सरकार श्रमिकों के छोटे बच्चों की परवरिश के लिए खोलेगी 500 पालना घर

नई दिल्ली। दिल्ली श्रमिकों के छोटे-छोटे बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए 500 पालना घर जल्द खोलेगी। इस बात का ऐलान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वीआर मेट्रोपॉलिटन कंस्ट्रक्शन साइट पर विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल खासकर हमारी मेहनतकश विश्वमकर्मा माताओं के लिए बड़ा संबल बनेगी। इन पालना घरों से जहां बच्चों को पोषण और देखभाल मिलेगी वहीं माताओं की आजीविका भी सुरक्षित होगी। गौरतलब है कि मंगलवार को दिल्ली सरकार के श्रम विभाग और दिल्ली भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा वीआर मेट्रोपॉलिटन कंस्ट्रक्शन साइट, सिविल लाइंस में वैदिक विधि विधान के साथ विश्वकर्मा पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभाग किया तो वहीं श्रम मंत्री कपिल मिश्रा कार्य्रक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। वहीं श्रम आयुक्त शिल्पा शिंदे, और वीआर मेट्रोपॉलिटन के निदेशक निपुण जैन, सिद्धार्थ गुप्ता और तारिक चिनॉय और सैकड़ों श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कई श्रमिकों को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सम्मानित किया।

## पीडब्ल्यूडी की सड़कों पर ईएमआई मॉडल पर लगेंगे स्मार्ट एलईडी स्ट्रीट लाइट्स : प्रवेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने अपनी सड़कों पर स्ट्रीट लाइटों को लगाने के लिए ईएमआई मॉडल लागू करने का फैसला किया है। इस फैसले की जानकारी देते हुए दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि पिछले कई दशकों से स्ट्रीट लाइट परियोजनाएं पारंपरिक मॉडल पर चलती थीं, जहां सरकार ठेकेदारों को अग्रिम भुगतान करती थी। इससे अक्सर काम में देरी, खराब रखरखाव और जवाबदेही की कमी देखने को मिलती थी। लेकिन अब ईएमआई आधारित मॉडल लागू करने का निर्णय लिया गया है। इस मॉडल के तहत ठेका लेने वाली निजी कंपनी को मासिक भुगतान तभी मिलेगा जब लाइटें पूरी तरह चालू होंगी और उनका रखरखाव समय पर किया जाएगा। इस पहल से केवल पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करेगी बल्कि ऊर्जा बचत और नागरिक सहभागिता के नए अवसर भी खोलेगी। मंत्री प्रवेश ने बताया कि पीडब्ल्यूडी के अधीन लगभग 96 हजार स्ट्रीट लाइट्स हैं, जिनमें से करीब 45 हजार लाइटें अब भी पारंपरिक एचपीएसवी फिटिंग्स पर चल रही हैं। इन्हें चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट एलईडी लाइट्स से बदला जाएगा। इससे न केवल सड़कों पर बेहतर रोशनी मिलेगी बल्कि बिजली की खपत भी कम होगी और लाइट्स की आयु बढ़ेगी। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा दिल्ली की सड़कें हमारी राजधानी की रीढ़ हैं। स्मार्ट एलईडी स्ट्रीट लाइट्स के साथ हम सिर्फ फिटिंग नहीं बदल रहे हैं, बल्कि शासन की कार्यप्रणाली बदल रहे हैं। ईएमआई मॉडल कंपनियों को जिम्मेदार बनाएगा और उन्हें भी जवाबदेही का साझीदार बनाएगा। पहली बार नागरिक खुद इस व्यवस्था को वास्तविक समय में देख सकेंगे, मॉनिटर कर सकेंगे और सवाल भी पूछ सकेंगे। यही असली पारदर्शिता है। उन्होंने कहा कि पहले सरकार पैसे पहले खर्च करती थी और जनता को नतीजों के लिए इंतजार करना पड़ता था। अब प्रणाली बिल्कुल उलट होगी। पहले काम, फिर परफॉर्मेंस का सबूत और तभी भुगतान। इससे सुनिश्चित होगा कि जनता के टैक्स का पैसा ईमानदारी और दक्षता से खर्च हो। अब 96 हजार में से हर एक स्ट्रीट लाइट स्मार्ट, कनेक्टेड और जवाबदेह होगी।





## द वाइब्स ग्लैमरस महिलाओं की अनकही सच्चाई को लाएगी सामने

**मुंबई।** फैशन, चांदनी बार, हीरोइन और पेज 3 जैसी फिल्मों से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना चुके मधुर भंडारकर अपने दमदार निर्देशन के लिए पहचाने जाते हैं। उनकी फिल्में लोगों के मनोरंजन के साथ ही सामाजिक मैसेज का भी काम करती हैं। अपनी नई फिल्म द वाइव्स को लेकर मधुर भंडारकर ने एक खास पोस्ट शेयर किया है। 'द वाइव्स' में मधुर बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाएंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को लोगों के सामने लाएगी। मधुर ने अपनी कुछ शानदार तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द वाइव्स' मेरा 16वां प्रोजेक्ट है।

लाइफ Style



# अनीत
## फातिमा संग न्याय में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में सिनेमाघरों में बवंडर मचा चुकी लव स्टोरी फिल्म 'सैयारा' की एक्ट्रेस अनीत पड्डा अब फातिमा सना शेख के साथ नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में लीड रोल में ब्रिटिश ड्रामा सीरीज 'इंडियन समर्स' एक्टर अर्जुन माथुर भी हैं। ये एक कोर्टरूम ड्रामा है जिसका टाइटल 'न्याय' रखा गया है।

नित्या मेहरा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अन्याय से लड़ने वाले एक युवा सर्वाइवर की कहानी है। अहान पांडे के साथ अनीत पड्डा को अपनी हिट रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' के लिए खूब तारीफें मिली हैं। इस वक्त ये फिल्म ओटीटी (नेटफ्लिक्स) पर आ चुकी है और घर बैठे लोग इस फिल्म का लुत्फ उठा रहे हैं। ओटीटी पर फिल्म के अच्छा परफॉर्म करने के बाद, एक्ट्रेस ने एक नई फिल्म 'न्याय' साइन की है।

खबरों के मुताबिक, वो इस फिल्म में न्याय के लिए लड़ रहीं एक युवा पीड़िता का किरदार निभाएंगी। इसम फिल्म में फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर लीड रोल में हैं। अनीत ने एक कोर्टरूम ड्रामा साइन किया है जो महिलाओं के साथ अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ेगी। इस फिल्म में वो एक ऐसी पीड़िता की भूमिका निभाएंगी जो अपने साथ दुर्व्यवहार करने वाले एक आध्यात्मिक गुरु के खिलाफ बहादुरी से खड़ी होती है। इस फिल्म की कहानी उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है और यही पूरी कहानी में भावनात्मक गहराई लाता है। इस फिल्म का निर्देशन 'बार-बार देखो' और 'मेड इन हेवन' जैसी फिल्मों से प्रसिद्धि पा चुकीं नित्या मेहरा करेंगी।

हॉलीवुड मसाला



## लास्ट ट्रेन टू... से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर गीतकार बॉबी हार्ट का निधन हो गया है। गीतकार प्रसिद्ध बॉयस और हार्ट गीतकार जोड़ी का एक हिस्सा थे। उन्हें'द मोंकीज के लिए कुछ बेहद हिट गानें, जैसे आई वाना बी फ्री और लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले के लिए जाना जाता था। बॉबी हार्ट गीत लेखन के दिग्गज, जो मोंकीज के कई गानों के लिए जिम्मेदार जोड़ी का हिस्सा थे, उनका निधन हो गया है। अपने साथी टॉमी बॉयस के साथ, बॉबी ने आई वन्ना बी फ्री, लास्ट ट्रेन टू क्लार्क्सविले जैसे प्रतिष्ठित मोंकीज थीम और कई अन्य ट्रैक लिखे।




## बचपन से ही संगीत में रही गहरी दिलचस्पी, 7 की उम्र में अभिनय

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड सिंगर, सॉन्गराइटर और एक्टर निक जोनस का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बचपन से ही संगीत में उनकी गहरी दिलचस्पी रही। महज छह साल की उम्र में उन्होंने गाना गाकर सबको हैरान कर दिया था और तभी से तय हो गया कि वो अपना कॅरियर म्यूजिक इंडस्ट्री में ही बनाएंगे। निक न सिर्फ अपनी गायकी और म्यूजिकल बैंड के लिए मशहूर हैं, बल्कि बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा के पति होने की वजह से भारत में भी उनका जबरदस्त क्रेज है। सिर्फ सात साल की उम्र में निक ने थिएटर शो ए क्रिसमस कैरोल में अभिनय किया। इसके साथ ही उन्होंने जॉय टू द वर्ल्ड नाम का गाना लिखा जिसे बाद में रिकॉर्ड लेबल ने रिलीज किया। इतनी कम उम्र में मिले इस मौके ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। साल 2005 में निक ने अपने भाइयों जो और केविन के साथ मिलकर जोनस ब्रदर्स नाम का बैंड बनाया।



## पसंद आया गूगल जेमिनी का ट्रेंड


**मुंबई।** सोशल मीडिया पर ट्रेंड लगातार बदलते रहते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर गूगल जेमिनी के जरिए फोटोज को एडिट करने का ट्रेंड चल रहा है। इसमें अलग-अलग तरह से लोग अपनी फोटोज को एडिट कर रहे हैं। इन्हीं में एक है गूगल जेमिनी का 'हग माई यंगर सेल्फ' ट्रेंड। अब सेलेब्स भी इस ट्रेंड में रुचि ले रहे हैं और अपनी तस्वीरें एडिट कर रहे हैं। इसी क्रम में अब अभिनेत्री आलिया भट्ट को भी ये ट्रेंड पसंद आया है और उन्होंने अपनी बचपन की एक तस्वीर को गले लगाए हुए अपनी आजकल की एक तस्वीर शेयर की है। आलिया भट्ट के एक फैन पेज ने एक्ट्रेस के आजकल के रूप को उनके बचपन की फोटो को गले लगाते हुए एक प्यारा सा एडिट किया। तस्वीर पर कैप्शन लिखा था, 'मैं नहीं कर सकती, आज छोटा वाला कितना गर्व महसूस कर रहा होगा।'




## जॉली एलएलबी-3 पर चली सेंसर की कैंची

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह है, क्योंकि लंबे समय बाद दोनों जॉली एक साथ कोर्टरूम ड्रामा में भिड़ने वाले हैं। लेकिन, रिलीज से पहले इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड की कैंची चल चुकी है। बोर्ड ने फिल्म को यू/ए सर्टिफिकेट तो दे दिया है, लेकिन आठ अहम बदलाव भी करवाए हैं। दरअसल, 2 सितंबर को फिल्म को सर्टिफिकेट जारी हुआ। करीब 2 घंटे 37 मिनट और 16 सेकंड की इस फिल्म में बोर्ड ने ऐसे सीन और शब्द हटवाए, जिन्हें आम दर्शकों के लिए आपत्तिजनक माना जा सकता था। हालांकि, यह सभी बदलाव मामूली हैं और फिल्म की कहानी या प्रभाव पर कोई खास असर नहीं डालेंगे।

टीवी मसाला



## 25 लाख के सवाल पर गुजरात की कंटेस्टेंट ने किया क्विट...

**नई दिल्ली।** महानायक अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17 इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। इसमें कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। अपने ज्ञान के दम पर लाखों रुपए जीतते हैं। सोमवार के एपिसोड में फास्टेट फिंगर फर्स्ट सवाल का जवाब देखकर सारिका जोशी हॉट सीट पर बैठीं। वह भावनगर, गुजरात की रहने वाली हैं। सारिका जोशी बताती हैं कि उनके पति और बेटी भी शो में साथ आई हैं। केबीसी 17 में सारिका जोशी के पति ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले 25 साल से केबीसी का हिस्सा बनने की कोशिश कर रही थीं और अब जाकर उनकी तपस्या पूरी हुई है। सारिका जोशी बिना किसी लाइफलाइन के इस्तेमाल के पहला पड़ाव पार कर लेती हैं और शुरुआती 5 सवालों के जवाब देकर 25 हजार रुपए जीत जाती हैं। सारिका जोशी 3 लाख के सवाल पर कंफ्यूज हो जाती है और फिर वह ऑडियंस पोल लाइफलाइन का इस्तेमाल करती है। इसके बाद वह ऑडियंस के जवाब पर भरोसा करते हुए आगे गेम खेलती है, जो सही उत्तर होता है। 11वें सवाल के लिए सारिका जोशी ने दो लाइफलाइन का इस्तेमाल किया और 7.50 रुपए जीत लिए। 12वें सवाल का भी उन्होंने जवाब दिया। लेकिन, 25 लाख रुपए के 13वें सवाल पर कंफ्यूज हो गईं और उनके पास कोई लाइफलाइन भी नहीं बची थी। 13वां सवाल- किस अमेरिकी राष्टपति की मां लिलियन ने 1960 के दशक में भारत में एक नर्स के रूप में काम किया था? ऑप्शन- ए. जॉन एफ केनेडी, बी. रोनाल्ड रीगन, सी. रिचर्ड निक्सन और डी. जिमी कार्टर।

### 5 कंटेस्टेंट्स पर लटकी बेघर होने की तलवार

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' हमेशा से ही दर्शकों के लिए ड्रामा, इमोशन और सरप्राइज लेकर आता है।



सलमान खान के होस्टिंग वाले इस शो में हर हफ्ते नॉमिनेशन का दौर दिलचस्प होता है। इस बार भी घर के अंदर ऐसा ही हुआ जब नॉमिनेशन प्रक्रिया में बिग बॉस ने एक ऐसा दांव खेला, जिसने सभी प्रतियोगियों के होश उड़ा दिए। शो का माहौल पूरी तरह बदल गया और अंत में पांच कंटेस्टेंट्स पर बेघर होने की तलवार लटक गई। ये सदस्य हैं - अशनूर कौर, बसीर अली, अभिषेक बजाज, नेहल चुडासमा और प्रणित मोरे। इन पांचों को अब दर्शकों के वोट का इंतजार रहेगा। जैसे ही घरवाले सोच रहे थे कि नॉमिनेशन का दौर सामान्य तरीके से खत्म हो जाएगा, तभी बिग बॉस ने माहौल पलट दिया। उन्होंने घरवालों को अमाल और नीलम की बातचीत का एक ऑडियो सुनाया, जिसमें दोनों नॉमिनेशन पर चर्चा करते पकड़े गए थे। यह नियमों के खिलाफ था।

## ट्रैफिक में फंसी एम्बुलेंस को देख जैकी को आया गुस्सा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता जैकी श्रॉफ मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर करते हुए लोगों पर गुस्सा होते दिखाई दिए। इस वीडियो में वे ट्रैफिक में फंसी एंबुलेंस को देख निराशा जाहिर करते दिख रहे हैं। मुंबई की सड़कों में फंसी एक एंबुलेंस को देख जैकी ने वीडियो बनाते हुए बताया कि लोगों को थोड़ा अधिक संवेदनशील होना चाहिए या फिर एंबुलेंस के लिए अलग से रोड बनाया जाना चाहिए। जैकी श्रॉफ ने वीडियो में चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर ऐसे ही ये एंबुलेंस यहां फंसी रही तो मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देगा। वीडियो में एक्टर कह रहे हैं कि इन लोगों को तब समझ में आता, जब मरीज की जगह वे खुद होते, लेकिन लोगों में इतनी समझ कहां है। जैकी श्रॉफ ने यह वीडियो अपनी कार से बनाते हुए लोगों को इस मुद्दे की



गंभीरता के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है। जैकी श्रॉफ समय-समय पर अपने बेबाक अंदाज में लोगों को उनकी जिम्मेदारियों को लेकर सजग करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर जैकी लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए भी प्रेरित करते रहते हैं। जैकी श्रॉफ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उनकी पोस्ट अक्सर वायरल हो जाती हैं। पिछले सप्ताह फिल्म 'अंगार' के 33 साल पूरे होने पर उन्होंने एक पोस्ट की और इसका जश्न मनाया था. इसकी कुछ अनदेखी तस्वीरें भी जैकी ने साझा की थीं। हाल ही में जैकी श्रॉफ वेब सीरीज 'हंटर-2' में दिखाई दिए थे। इस सीरीज में उन्होंने एक खलनायक की भूमिका निभाई थी। प्रिंस धीमान ने इसे डायरेक्ट किया है। इस सीरीज में सुनील शेट्टी, अनुषा दांडेकर और बरखा बिष्ट जैसे कलाकार भी हैं।

## जब हिंदी सिनेमा के सभी कलाकारों ने देव आनंद की फिल्म को किया रिजेक्ट

### दर्शकों ने बनाया ब्लॉकबस्टर, ऑस्कर में भी दी दस्तक

**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में सिनेमाघरों में अपनी अलग कहानी और गानों की वजह से मशहूर हो जाती हैं। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि कुछ फिल्मों की कहानियां दर्शकों को तक उस तरीके से नहीं पहुंच पाती है जैसा डायरेक्टर सोचता है। ऐसे में बहुत बार मेकर्स को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। लेकिन, आज हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी फिल्म के बारे में बताने वालें जिसे हिंदी सिनेमा के लगभग सभी कलाकारों ने रिजेक्ट कर दिया था। लेकिन, जब यह फिल्म रिलीज हुई तो इसने बंपर कमाई की।

#### 1966 में हुई थी रिलीज

हम बात कर रहे हैं कि देव आनंद की फिल्म गाइड की। उनकी यह फिल्म साल 1966 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। गाइड देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म है। दरअसल, कहा जाता है कि रिलीज से पहले



लगभग पूरी फिल्म इंडस्ट्री गाइड के प्रीमियर में मौजूद थी। जब कलाकारों ने इस फिल्म को देखा तो उन्हें यह फिल्म आम विषय से काफी हटकर लगी थी। ऐसे में कोई भी निर्देशक विजय आनंद को उनके काम के लिए बधाई देने नहीं गया, जिसका उन्हें बुरी भी लगा।

#### सात फिल्मफेयर पुरस्कार जीते

लेकिन, जब फिल्म गाइड रिलीज हुई थी तो इसने हाउसफुल ओपनिंग की। हालांकि, कुछ सर्किट को छोड़कर, दर्शकों को फिल्म का अंत समझ न आने के कारण इसकी कमाई में भारी गिरावट आई, लेकिन जब दर्शकों को अंत समझ आया, तो धीरे-धीरे कमाई में सुधार हुआ और देव आनंद की इस फिल्म ने बंपर कमाई। इतना ही नहीं, फिल्म गाइड को ऑस्कर के लिए आधिकारिक एंट्री ली थी और इसने सात फिल्मफेयर पुरस्कार भी जीते थे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म गाइड का बजट करीब 60 लाख रुपए था और इस फिल्म ने दुनियाभर में 5 करोड़ रुपए कमाए थे।


### रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी फिल्में बनाईं

## साढ़े तीन लाख में बनी वो कल्ट फिल्म, रिलीज होते ही निकली सुपरहिट

*मुंबई। 1972 में पर्दे पर एक ऐसी फिल्म आई थी जिसने बॉलीवुड को एक नई दिशा दी। युवाओं में नया क्रेज पैदा किया। सबसे दिलचस्प बात यह है कि फिल्म की शूटिंग 12 रुपए किराए के 7 कमरों में की गई थी। फिल्म ने बजट से 15 गुना कमाई करके सबको चौंका दिया था। यह बॉलीवुड की पहली सुपर हिट हॉरर फिल्म साबित हुई। फिल्म को रामसे ब्रदर्स ने प्रोड्यूस किया था जो बॉलीवुड में हॉरर फिल्म बनाने के लिए जाने जाते हैं। 30 दिसंबर 1972 को रिलीज हुई फिल्म 'दो गज जमीन के नीचे' ने कमाई का नया कीर्तिमान बनाया था। यह रामसे ब्रदर्स की डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म के बाद रामसे ब्रदर्स ने पुराना मंदिर, वीराना, बंद दरवाजा और तहखाना जैसी कई सुपरहिट हॉरर फिल्में बनाईं। फिल्म को प्रोड्यूस किया था एफयू रामसे ने और जबकि डायरेक्शन तुलसी रामसे और श्याम रामसे ने किया था। यह लो बजट की फिल्म थी। बजट सिर्फ साढ़े तीन लाख रुपए था। फिल्म रिलीज होने के बाद हैरतअंगेज रूप से सुपरहिट मूवी साबित हुई थी। फिल्म ने करीब 50 लाख की कमाई की थी।*

#### फिल्म को बनाने की प्रेरणा ऐसे मिली

रामसे ब्रदर्स के पिता फतेहचंद्र उत्तमचंद्र सिंघानी की कराची में रेडियो की एक दुकान हुआ करती थी। दुकान का नाम : राम सिंघानी रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी थी। ज्यादातर ग्राहक अंग्रेज होते थे। वो राम सिंघानी नहीं बोल पाते थे, इसलिए यहीं से वो रामसे हो गए। फतेहचंद्र भारत के बंटवारे के बाद मुंबई आ गए। उनके सात बेटे थेः गंगू रामसे, तुलसी रामसे, श्याम रामसे, अर्जुन रामसे, केशु रामसे, कुमार रामसे और किरण रामसे। 1960 के दशक में वो फिल्मों में पैसा लगाने लगे। 'शहीद-ए आजम भगत सिंह और 'रुस्तम सोहराब' जैसी फिल्मों में उन्होंने पैसा लगाया। इसी बीच उन्होंने पृथ्वीराज कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ एक बड़े बजट की फिल्म 'एक नन्ही मुन्नी लड़की थी'में पैसा लगाया। यह फिल्म फ्लॉप हो गई। फतेहचंद्र कर्ज तले दब गए। हालांकि, इस फिल्म के एक हॉरर सीन को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। ऐसे में फतेहचंद्र के मन में हॉरर फिल्में बनाने का आइडिया आया। फिल्म में कोई बड़ा स्टार नहीं होता था।



#### बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज हुआ शुरू

इस फिल्म के बाद से बॉलीवुड में हॉरर फिल्मों का क्रेज शुरू हुआ। फिल्म को मुंबई के 25-30 थिएटर्स में रिलीज किया गया था। फिल्म के पोस्टर्स में 'भारत की पहली हॉरर फिल्म' लिखा हुआ था। फिल्म की शूटिंग महाबलेश्वर में हुई थी। होटल के 7 कमरे 12 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर लिए गए थे।

#### 40 दिन में पूरी हुई फिल्म की शूटिंग

फतेहचंद रामसे पूरे परिवार को लेकर कश्मीर गए। दो महीने के लिए हाउस बोट बुक किया। वहां पर '5 सीज ऑफ सिनेमेटोग्राफी'बुक बेटों को पढ़ाई। फिल्म मेकिंग के हर पहलू की ट्रेनिंग दी। फिर मुंबई वापस लौट आए। फतेहचंद रामसे के बड़े बेटे ने भुतही और डरावनी फिल्म बनाने का फैसला किया। नाम था 'दो गज जमीन के नीचे।' फिल्म की शूटिंग 40 दिन में पूरी हुई। बहुत ही कम बजट में यह फिल्म तैयार हुई। सेट पर रामसे ब्रदर्स के घर की महिलाएं खाना बनाती थीं। कैमरे किराए पर लिए थे। फिल्म का प्रमोशन सिर्फ ऑल इंडिया रेडियो ने नाइट शो में किया गया। फिल्म ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। 45 लाख रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म रामसे ब्रदर्स के लिए गेम चेंजर साबित हुई।

# सुप्रीम कोर्ट में रिवीजन याचिका दाखिल करेगी योगी सरकार

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि सेवारत शिक्षकों के लिए टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट की अनिवार्यता पर आए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ रिवीजन याचिका दाखिल की जाए।**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर ट्वीट कर लिखा कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और समय- समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के शिक्षक लंबे समय से बच्चों को पढ़ा रहे हैं और उनमें पर्याप्त अनुभव और योग्यता है। इसके अलावा सरकार समय-समय पर शिक्षकों को ट्रेनिंग और कार्यशालाओं के जरिए अपडेट करती रही है। ऐसे में उनकी सालों की सेवा और अनुभव को दरकिनार करना उचित नहीं होगा। सीएम योगी ने पोस्ट में लिखा- बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश का रिवीजन दाखिल करने का विभाग को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और समय-समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान और अधिक दिखाएं।

**सीएम ने टीईटी को लेकर किया बड़ा फैसला**



### पुराने शिक्षकों पर दबाव डालना अन्याय होगा

*सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश के अनुसार शिक्षण कार्य के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया है। इससे पहले से नौकरी कर रहे हजारों शिक्षकों पर संकट खड़ा हो सकता है। सरकार का तर्क है कि लंबे समय से पढ़ा रहे शिक्षकों ने अपने काम और ट्रेनिंग से खुद को साबित किया है। ऐसे में नए उम्मीदवारों के लिए टीईटी को जरूरी रखना ठीक है, लेकिन पुराने शिक्षकों पर इसका दबाव डालना अन्याय होगा।*

### आदेश पर रिवीजन याचिका दाखिल करेगी सरकार

*यूपी सरकार अब इस आदेश पर रिवीजन याचिका दाखिल करेगी। अगर कोर्ट ने सरकार की दलील मानी, तो वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों को टीईटी से छूट मिल सकती है। इससे प्रदेश के लाखों शिक्षकों को बड़ी राहत मिलेगी।*

### शिक्षकों का फूटा गुस्सा

*सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शिक्षकों का गुस्सा और पीड़ा सामने आई है। शिक्षकों का कहना है कि 20 साल बाद योग्यता नापना अपमान है। मेरठ के सीएबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनोद कौशिक का कहना है कि जो शिक्षक 15-20 साल से बच्चों को पढ़ा रहे हैं, उनके अनुभव पर सवाल उठाना अपमानजनक है। उन्होंने कहा कि अब ये टीचर बच्चों को पढ़ाएं या खुद टीईटी की तैयारी करें? इससे पढ़ाई पर सीधा असर पड़ेगा।*

## खबर संक्षेप

### कचहरी में दारोगा की बेरहमी से पिटाई

**वाराणसी।** जिले में अधिवक्ताओं द्वारा पुलिस की पिटाई का मामला सामने आया है। यहां मंगलवार को



कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने बड़ागांव थाने पर तैनात दरोगा मिथिलेश समेत चार पुलिसकर्मियों को दौड़ा- दौड़ाकर बेरहमी से पीटा। मामले को लेकर मौके पर हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में दरोगा को बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। चिकित्सकों ने हालत नाजुक बताई है।

### झारखंड पुलिस हेडक्वार्टर में लगी आग

**रांची।** यहां झारखंड पुलिस के मुख्यालय में मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब डेटा



सेंटर में आग की लपटें उठने लगीं। सुबह 5 बजे शुरू हुई इस आग ने पूरे मुख्यालय में खलबली मचा दी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि तुरंत ही पूरे इलाके में धुआं फैल गया। पुलिसकर्मियों ने फायर ब्रिगेड को बुलाया। दो दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

### ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को बड़ी राहत

# यूपी में वाहन मालिकों के 5 साल तक के सभी ई-चालान होंगे माफ

- दुर्घटना या आईपीसी से जुड़े मामले इस राहत से बाहर रहेंगे
- 30 दिनों के भीतर सभी पेंडिंग चालानों का पोर्टल पर निपटारा दिखेगा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

**उत्तर प्रदेश सरकार ने 2017 से 2021 तक के ट्रैफिक चालान माफ करने का फैसला किया है। ये चालान अब पोर्टल पर ''निपटारा – निरस्त'' या ''बंद – समय-सीमा'' श्रेणियों के तहत दिखाए जाएंगे**

दीवाली से पहले यूपी सरकार ने प्रदेश की जनता को बड़ी राहत दी है। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने 2017 से 2021 तक के गैर-कर ई-चालानों को समाप्त करने का फैसला लिया है। अब इन चालानों को पोर्टल पर यदि मामला कोर्ट में लंबित था और यदि कार्यालय में लंबित था और समय-सीमा निकल चुकी है की श्रेणी में दिखाया जाएगा। साथ ही इन चालानों से जुड़े फिटनेस, परमिट, वाहन ट्रांसफर और एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) जैसे अवरोध भी स्वतः हट जाएंगे। हालांकि, टैक्स से जुड़े चालान इस राहत के दायरे से बाहर रहेंगे।

**क्लोज्ड-आर की श्रेणी में दिखाया जाएगा**



### एक महीने में पूरा होगा काम

परिवहन विभाग के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया 30 दिनों में पूरी कर दी जाएगी। इसके बाद वाहन स्वामी पोर्टल पर जाकर अपनी चालान स्थिति देख सकेंगे। कोर्ट में लंबित प्रकरण और ऑफिस लेवल पर समय-सीमा निकल चुके प्रकरण के रूप में दर्ज होंगे। विभाग ने साफ किया है कि यह केवल क्लोजर है यानि न तो किसी को रिफंड मिलेगा और न ही पुराने चालान दोबारा खोले जाएंगे।

### 30 लाख से ज्यादा ई-चालान प्रभावित

*आंकड़ों के मुताबिक 2017 से 2021 के बीच 30.52 लाख ई-चालान बने थे। इनमें से 17.59 लाख का निस्तारण पहले ही हो चुका है, जबकि 12.93 लाख चालान लंबित थे। लंबित चालानों में 10.84 लाख कोर्ट में और 1.29 लाख ऑफिस लेवल पर पेंडिंग थे। अब इन सभी का डिजिटल निस्तारण समय-सीमा में पूरा किया जाएगा। फ्रंट-एंड पर सभी अवरोध हटेंगे, जबकि बैक-एंड पर पूरा रिकॉर्ड और ऑडिट ट्रेल सुरक्षित रहेगा।*

### 31 दिसंबर 2021 तक के ही चालान होंगे माफ

*इस फैसले के तहत केवल उन्हीं चालानों को माफ किया जाएगा जो 31 दिसंबर 2021 तक कोर्ट में लंबित थे। वहीं, जो चालान कभी कोर्ट नहीं भेजे गए और अब समय-सीमा पार कर चुके हैं उन्हें भी प्रशासनिक रूप से बंद किया जाएगा। टैक्स से जुड़े चालान, गंभीर अपराध, दुर्घटना या आईपीसी से जुड़े मामले इस राहत से बाहर रहेंगे। यह निर्णय कानून का पालन सुनिश्चित करने, जनता को अनावश्यक चालानों और ब्लॉकों से राहत देने, सेवाओं को समय पर उपलब्ध कराने और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए लिया गया है। 30 दिनों के भीतर सभी पेंडिंग चालानों का पोर्टल पर निपटारा दिखेगा। इसके लिए हर हफ्ते एक डैशबोर्ड पर प्रगति रिपोर्ट डाली जाएगी। एनआईसी पोर्टल में जरूरी बदलाव कर रहा है ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित रहे। टैक्स से जुड़ी देनदारियां, पहले से जमा जुर्माना और कोर्ट आदेश यथावत रहेंगे।*

### समय पर होगा नाम का ऐलान

# तेजस्वी बोले-महागठबंधन में सीएम के चेहरे को लेकर नहीं है कनफ्यूजन

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कभी भी किया जा सकता है। इस बीच महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा? इसे लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। महागठबंधन के घटक दलों में शामिल वीआईपी के मुखिया मुकेश सहनी कह चुके हैं कि चुनाव के बाद तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री होंगे और वो खुद उपमुख्यमंत्री। राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता भी अपने नेता यानी तेजस्वी यादव को बिहार का



अगला मुख्यमंत्री बताते आए हैं। हालांकि, महागठबंधन में शामिल कांग्रेस ने अब तक तेजस्वी यादव को गठबंधन का सीएम फेस घोषित करने की बात नहीं कही है।

### जनता बदलाव चाहती है

*अब तेजस्वी यादव ने खुद महागठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर चुप्पी तोड़ी है। तेजस्वी यादव ने कहा है कि जनता ही मुख्यमंत्री बनाती है और सीएम फेस को लेकर महागठबंधन में कोई कनफ्यूजन नहीं है। तेजस्वी यादव ने कहा, 'हमारे गठबंधन में कोई कनफ्यूजन नहीं है। जनता बदलाव चाहती है। बिहार की मालिक जनता है और वो मुख्यमंत्री बनाती है। अब वो बदलाव चाहती है। आप बिहार के किसी व्यक्ति से जाकर पूछिए या सर्वे कराइए, जवाब मिल जाएगा। मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कोई कनफ्यूजन नहीं है, समय पर घोषित कर दिया जाएगा।'*

### यात्रा पर हैं तेजस्वी यादव

*बिहार विधानसभा में विरोधी दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव मंगलवार से 'बिहार अधिकार यात्रा' पर निकले , जिसकी शुरुआत जहानाबाद से हुई । यात्रा उन जिलों में पहुंचेगी जो 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान छूट गए थे। इस अभियान को मतदाता जागरूकता को लेकर एक महत्त्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।*

## पेज एक का शेष

### भारत-पाकिस्तान के बीच...

पहलगाम का जवाब बना ऑपरेशन सिंदूर : गौरतलब है कि पाकिस्तान के पाले-पोसे हुए लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकवादियों ने इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कुल 26 निर्दोष पर्यटकों (25 भारतीय और 1 नेपाली नागरिक शामिल) की उनका धर्म पूछकर बेहद निर्ममता के साथ हत्या कर दी थी। जिसके जवाब में भारत की सशस्त्र सेनाओं ने संयुक्त रूप से 7 मई की मध्यरात्रि के बाद ऑपरेशन सिंदूर नामक अभियान के जरिए पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूदा 9 आतंकी ठिकानों को पलभर में मटियामेट कर दिया। 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। अभियान से बौखलाए पाकिस्तान ने बड़ी तादाद में भारत की पश्चिमी सीमा पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला बोला। जिसे देश की सतर्क सेनाओं ने पूरी तरह से नाकाम कर दिया। साथ ही भारतीय वायुसेना ने बड़े पैमाने पर पाकिस्तान के हवाई ठिकानों, संपत्तियों को गंभीर क्षति पहुंचाई। जिसके बाद पाकिस्तान भारत के सामने गिड़गिड़ाया और उसने 10 मई की शाम 5 बजे से संघर्षविराम लागू करने पर अपनी सहमति प्रदान की। इन सबके बीच भारत ने ये साफ कर दिया है कि उसका ऑपरेशन सिंदूर अभियान अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। इस पर अस्थायी विराम लगा हुआ है। अगर भविष्य में पाक ने कोई हिमाकत करने की कोशिश की तो उसे तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगा।

### ऑपरेशन सिंदूर में...

अब इसकी हकीकत को खुद आतंकी संगठन द्वारा भी स्वीकार कर लिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से भी यह जानकारी दी गई थी कि भारत की कार्रवाई में मसूद अजहर के परिवार के करीब 10 सदस्य मारे गए हैं। वहीं, बीते दिनों आई सैटेलाइट तस्वीरों से यह खुलासा हुआ है कि भारतीय वायुसेना के हमले में मुरीदके में जमींदोज हुए लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन के मुख्यालय का पाकिस्तान फिर से पुनर्निर्माण करने में लगा हुआ है।

### 9 आतंकी ठिकानों...

गया था। हमले की वजह से मरकज सुब्हान अल्लाह नामक मस्जिद में बना आतंकी संगठन का यह ठिकाना नेस्तनाबूद हो गया था। जिसमें मसूद अजहर का परिवार (बेवा, बेटे और बच्चे) रहता था। यहां बता दें कि भारत का ऑपरेशन सिंदूर अभियान अभी अस्थायी विराम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कह चुके हैं कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो सहिष्णुता की नीति के तहत भविष्य में आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पारस्परिक रूप से लाभप्रद ...

**सकारात्मक रही बातचीत** : मंत्रालय ने बताया कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के महत्व को स्वीकार करते हुए दोनों पक्षों के बीच हुई यह वार्ता सकारात्मक रही। जिसमें व्यापार समझौते से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं पर आगे बढ़ने पर जोर दिया गया है। साथ ही दोनों देशों ने यह तय किया है कि वो पारस्परिक रूप से फायदेमंद व्यापार समझौते तक जल्द से जल्द पहुंचने के लक्ष्य को प्राप्त करने से जुड़े हुए प्रयासों में तेजी लाएंगे।

**पहले पिछले महीने होना था संवाद** : गौरतलब है कि अमेरिका ने भारत पर जो 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। उसमें रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद को लेकर जुर्माने के तौर पर लगाया गया 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ भी शामिल है। बीते महीने 27 अगस्त से भारत द्वारा अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सभी सामान पर यह पूरा टैरिफ लागू हो गया है। टैरिफ की वजह से ही दोनों देशों के संबंधों में तनाव बना हुआ था और व्यापार समझौते को लेकर इस साल के मध्य में शुरू हुई वार्ता भी आगे नहीं बढ़ पा रही थी। अब आखिरकार इसका आगाज हो गया है। बातचीत के अब तक करीब पांच दौर हो चुके हैं। वहीं, इन सबके बीच नई दिल्ली ने अमेरिका के टैरिफ के निर्णय को पूरी तरह से अनुचित और अविवेकपूर्ण बताते हुए इसे पहले ही सिरे से खारिज कर दिया था। उसका कहना है कि भारत की आम-जनता की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तेल की खरीद की जा रही है। स्वयं पीएम मोदी भी ये कह चुके हैं कि भारत मामले को लेकर अपने किसानों और छोटे व मझौले उद्योगों के हितों की हर हाल में रक्षा करेगा। संबंधों में बढ़ती तल्खी के मध्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों भारत के प्रति अपने रुख में नरमी के संकेत दिए हैं। उनका कहना है कि आगामी हफ्तों में वह भारत के प्रधानमंत्री और अपने परम मित्र नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप के इस रुख की सराहना की है। दोनों शीर्ष नेताओं की यह मुलाकात आसियान की बैठक के दौरान होने की संभावना है।

### राज्य में 13 इंटीग्रेटेड...

के लागू होने से वायु गुणवत्ता में सुधार होगा, प्रदूषण के स्तर में कमी आएगी और प्रदेश के नागरिकों को एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण मिलेगा। साथ ही, यह पहल हरियाणा को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में अग्रणी बनाएगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को पंचकूला में आयोजित स्टेट एनवायरमेंट प्लान-2025 के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह उपस्थित रहे।

**रोज 5,600 टन ठोस कचरा पैदा हो रहा** : मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के शहरों में हर रोज 5,600 टन ठोस कचरा पैदा हो जाता है। इसमें से 77 प्रतिशत का निपटान तो हो रहा है, लेकिन अभी भी 23 प्रतिशत कचरे का प्रबंधन करना बाकी है। इसके समाधान के लिए पूरे राज्य में 13 इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट्स स्थापित करने की योजना बनाई गई है। इसके अतिरिक्त, सालों से डंपिंग ग्राउंड में जमे कचरे को भी साफ किया जा रहा है। अब तक 50 प्रतिशत कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान हो चुका है और बाकी पर भी काम तेजी से चल रहा है।

**सभी विभाग मिलकर करें काम** : सैनी ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में ऐसी पहल करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है। राज्य पर्यावरण योजना केवल एक या दो विभागों का काम नहीं है। इस योजना के लिए कई विभागों को मिलकर काम करना होगा। इसके लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा, जो विभिन्न विभागों के बीच तालमेल और प्रगति की निगरानी का काम करेगी। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी विभाग मिशन मोड में काम करें, पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ आगे बढ़ें और जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित हो।

**व्यापक योजना लागू की** : उन्होंने कहा कि आज पेड़ काटे जा रहे हैं, जंगल सीमित हो रहे हैं, जिससे पर्यावरण में असंतुलन पैदा हो रहा है और उसका दुष्परिणाम मानव जाति पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य पर्यावरण योजना भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, शुद्ध पानी और हरी-भरी धरती सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और बढ़ते प्रदूषण से निपटने के लिए राज्य सरकार ने विशेषज्ञों के साथ मिलकर व्यापक योजना लागू की है।

**इलेक्ट्रॉनिक कचरा भी बड़ी चुनौती** : मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय में इलेक्ट्रॉनिक कचरा भी एक बड़ी चुनौती है। इससे निपटने के लिए प्रदेश में 42 ई-वेस्ट रीसाइक्लर काम कर रहे हैं। आने वाले समय में, हम हर जिले में ई-वेस्ट कलेक्शन सेंटर्स स्थापित करना सरकार का लक्ष्य है।

**प्रतिदिन निकल रहा 22 टन बायोमेडिकल अपशिष्ट** : उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग 7 हजार अस्पतालों से प्रतिदिन निकलने वाले 22 टन बायोमेडिकल अपशिष्ट का शत-प्रतिशत निपटान किया जा रहा है। यह निपटान 11 सामान्य जैव-चिकित्सा अपशिष्ट निपटान सुविधाओं के माध्यम से किया जा रहा है। इसके अलावा, उद्योगों से निकलने वाले हानिकारक कचरे के निपटान के लिए फरीदाबाद के पाली में एक सामान्य कचरा प्रबंधन स्थल बनाया है। यह सुविधा पूरे राज्य से आने वाले हानिकारक कचरे के सुरक्षित निपटान की गारंटी देती है।

**खरीदी जाएंगी 500 इलेक्ट्रिक बसें** : नायब सिंह सैनी ने कहा कि वायु प्रदूषण जैसी बड़ी चुनौती से निपटने के लिए राज्य सरकार ने वर्ल्ड बैंक के साथ मिलकर 3600 करोड़ रुपये की लागत के 'क्लीन एयर प्रोजेक्ट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' की शुरूआत की है। इसके तहत गुरुग्राम, फरीदाबाद और सोनीपत के लिए 500 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी।

### मप्र के करीब 3 लाख...

पुख्ता आपूर्ति, आधुनिक सड़कें और 81 प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स जैसी व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। पीएम मित्र पार्क में श्रमिकों और महिला कर्मचारियों के लिए आवास और सामाजिक सुविधाएं औद्योगिक क्षेत्र नहीं, आदर्श औद्योगिक नगर का रूप देती हैं। इस मौके पर मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद रहेंगे।

**अब तक 23 हजार 146 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव** : पीएम मित्र पार्क में देश की अग्रणी टैक्सटाइल कंपनियों ने भरोसा जताते हुए अब तक 23 हजार 146 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दिए हैं। वस्त्र क्षेत्र के बड़े संगठनों और उद्योग समूहों ने यहां निवेश करने की इच्छा जताई है। इससे न केवल प्रदेश को औद्योगिक लाभ मिलेगा, बल्कि निर्यात भी बढ़ेगा। धार से तैयार वस्त्र और परिधान अब सीधे ग्लोबल मार्केट में पहुंचेंगे, जल्दी ही मध्यप्रदेश की पहचान कपास आधारित उद्योगों के विस्तार से किसानों को उनकी फसल का दोगुना मूल्य मिलेगा।

### अपोलो टायर्स ने...

आगामी महिला वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की जर्सी पर नए स्पॉन्सर का नाम होगा या नहीं। यह टूर्नामेंट 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होगा।

### बड़ा सवाल, कागज़ी संतुलन...

यह समिति कांग्रेस की किस्मत भी बदल पाएगी?

**अनुभव और युवा ऊर्जा का मेल** : सूची में मदन मोहन झा, शकील अहमद खान और कपिल देव प्रसाद यादव जैसे पुराने और जमीनी नेताओं के साथ-साथ अंशुल अविजीत, कुमार आशीष और शशि रंजन जैसे नए चेहरों को शामिल किया गया है। साथ ही मंजु राम, ममता निषाद, फौजिया राना, रेखा सोरेन और खुशबू कुमारी जैसी महिला नेताओं की मौजूदगी बताती है कि पार्टी ने महिला प्रतिनिधित्व को गंभीरता से लिया है।

**जातीय समीकरण साधने की कवायद** : बिहार की राजनीति बिना जातीय संतुलन के अधूरी है। कांग्रेस ने यादव, दलित, मुस्लिम, कुर्मी, राजपूत और अन्य पिछड़े वर्गों के नेताओं को जगह देकर यह दिखाने की कोशिश की है कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहती है। पर सवाल यही है कि क्या यह संतुलन कागज़ से निकलकर ज़मीन तक पहुंचेगा?

### लगातार बारिश से भारी भरकम पेड़ गिरा

# 1 की मौत, कई दबे, राहत कार्य जारी डिप्टी सीएम मौके पर पहुंचे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ




यहां सोमवार की रात से मंगलवार की सुबह तक हुई बारिश के बाद बड़ा हादसा हुआ है। कैसरबाग में एक भारी भरकम पीपल पेड़ का पेड़ गिर गया। पेड़ मछली मंडी के साथ ही आसपास के कई मकानों पर गिरा है। इससे दस से ज्यादा लोग दब गए। सूचना पर नगर निगम, प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी मौके पर पहुंचे। बड़ी संख्या में पुलिस बल और फायर ब्रिगेड के जवान राहत में लगे हैं। जहां पेड़ गिरा है, वहां मछली मंडी लगती थी। घायलों को पेड़ की डालें काट-काटकर निकालने की कोशिश हो रही है। आला अधिकारी भी खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। कमिश्नर रौशन जैकब भी मौके पर हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि पेड़ करीब 150 साल पुराना था। सोमवार की पूरी रात बारिश होने के बाद यह घटना हुई है। पेड़ की टहनियों ने आसपास के घरों को भी क्षतिग्रस्त किया है। पेड़ के नीचे कई गुमटियां भी दबी हुई हैं। दबे लोगों को निकाल-निकाल कर अस्पताल भेजा जा रहा है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सभी का बेहतर इलाज कराया जाएगा। अधिकारियों को इस बारे में निर्देश भी दे दिया गया है। घायलों में एक गैस सिलेंडर सप्लाई करने वाला युवक भी शामिल है। दोनों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया।

# विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रियाओं से अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच निर्वाचन आयोग वोटिंग लिस्ट को दुरुस्त करने में जुट गया है। वोटर लिस्ट में सभी का नाम जोड़ने और अन्य प्रक्रियाओं को लेकर प्रदेशभर से जुटे अधिकारियों की ट्रेनिंग कराई गई। ट्रेनिंग में 8 जिला निर्वाचन अधिकारियों और 137 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने हिस्सा लिया। आयोग ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सूची से नाम हटाने की कार्यवाही नियमों के अनुसार हो और सभी संबंधित अभिलेखों को सुरक्षित रखा जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि ट्रेनिंग का उद्देश्य अधिकारियों को निर्वाचक नामावली से संबंधित कानूनी प्रावधानों, ईआरओ नेट, बीएलओ ऐप, एनजीएसपी पोर्टल और विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित करना था।



### युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने पर विशेष जोर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि प्रशिक्षण प्राप्त ईआरओ अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में छोटे-छोटे समूहों में बीएलओ और सुपरवाइजरों को भी प्रशिक्षित करें। उन्होंने उन मतदान केंद्रों की पहचान कर कार्ययोजना बनाने के लिए कहा जहां लिंगानुपात असंतुलित है, ताकि जागरूकता अभियान चलाकर सुधार किया जा सके।

### अयोध्या में सजेंगे 2100 पंडाल

# 100 मंचों पर होगी रामलीला सुरक्षित व भव्य होंगे आयोजन

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी में नवरात्र पर दुर्गा पूजा और रामलीला की तैयारियां जोरों पर हैं। शहर का माहौल पूरी तरह से धार्मिक रंग में रंगने वाला है। केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समिति जिला प्रशासन के साथ लगातार बैठकों में जुटी है, जिससे आयोजन सुरक्षित और भव्य हो सके। इस वर्ष अयोध्या में 2100 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं के पंडाल सजेंगे, जहां मां दुर्गा विराजमान होंगी। वहीं 100 स्थानों पर रामलीला का मंचन भी किया जाएगा, जिससे भक्त धार्मिक वातावरण में रामकथा का आनंद ले सकेंगे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए इस बार विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। सभी पंडाल में सीसीटीवी कैमरे



लगाए जाएंगे ताकि हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके। 22 सितंबर से नवरात्र का शुभारंभ होगा और दो अक्तूबर को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इसी दिन रामलीला मैदानों में रावण दहन भी होगा। इसी के साथ उत्सव का समापन होगा। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रशासन ने पंडालों में सादे वर्दी में पुलिसकर्मी और महिला पुलिस बल की तैनाती का निर्णय लिया है। किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए शहर को सेक्टर और जोन में बांटा गया है।

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती**
**(पंजीकरण विंडो को 15.09.2025 से 29.09.2025 तक पुनः खोला जाएगा)**

विज्ञापन संख्या CRPD/SCO/2025-26/05 के तहत अनुबंध के आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती हेतु विज्ञापन दिनांक 11.07.2025 से 07.08.2025 तक पंजीकरण के लिए खोला गया था।

निम्नलिखित पदों के लिए पंजीकरण विंडो को 15.09.2025 से 29.09.2025 तक पुनः खोलने का निर्णय लिया गया है।

संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2025-26/05 (संशोधित)**

| क्र.सं. | पद का नाम | रिक्ति | प्रकार |
|---|---|---|---|
| 1 | महाप्रबंधक (आईएस ऑडिट) | 01 | संविदा |
| 2 | एवीपी (आईएस ऑडिट) | 14 | संविदा |

**जिन उम्मीदवारों ने इस भर्ती के लिए उपरोक्त पदों में से किसी एक के लिए 11.07.2025 से 07.08.2025 की अवधि के दौरान पहले आवेदन किया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। केवल वे उम्मीदवार जिन्होंने पहले आवेदन नहीं किया है, वे विज्ञापन संख्या CRPD/SCO/2025-26/05 (संशोधित) में दिए गए विस्तृत विवरण के अनुसार पदों के लिए संशोधित पात्रता मानदंडों के साथ आवेदन कर सकते हैं।**

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें तथा आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करें. आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले अपनी पात्रता एवं अन्य विवरण सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य जानकारी के लिए कृपया **"CONTACT US"** → **"Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की अधिकृत वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers/post-your-query)** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 15.09.2025 से 29.09.2025 तक.**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 15.09.2025
**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

## चिंतन

# अब साफ हो गया कि भारत पाक युद्ध विराम में ट्रंप नहीं

भारत शुरू से ही कह रहा है कि भारत-पाक जंग रुकवाने के लिए पाक ने अनुरोध किया था। इसके लिए पाकिस्तानी डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को सीधे फोन करके युद्ध रोकने की गुहार लगाई थी। पाकिस्तान के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स ने बातचीत की पहल की, जिसके बाद चर्चा हुई और सीजफायर पर सहमति बनी। किसी अन्य मुद्दे पर या किसी अन्य स्थान पर बातचीत का कोई निर्णय नहीं लिया गया है और न ही कोई तीसरा इस बातचीत में शामिल था, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक के बाद एक 12 बार ये दावा कर दिया कि भारत-पाक के बीच जंग उन्होंने रुकवाई है। यहां तक कि इन दावों के बीच पाकिस्तान ने भी ट्रंप को शांति का नोबेल पुरस्कार देने का प्रस्ताव रख दिया। अब पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने के डोनाल्ड ट्रम्प के दावे को खारिज कर दिया है। अलजजीरा को दिए इंटरव्यू में उन्होंने पहली बार माना है कि भारत ने कभी भी दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। डार ने तो यहां तक कह दिया कि उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से पूछा था कि क्या अमेरिका, भारत और पाकिस्तान के बीच का विवाद सुलझा रहा है। इस पर रूबियो ने कहा कि भारत का साफ मानना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। मतलब साफ है कि भारत-पाक के बीच अमेरिका कहीं नहीं था। अमेरिका ने यह भी कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत किसी तटस्थ जगह पर हो सकती है। लेकिन 25 जुलाई को वॉशिंगटन में रूबियो के साथ हुई अगली बैठक में उन्हें बताया गया कि भारत इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं है। मतलब साफ है कि भारत-पाक के साथ बातचीत में पहले से ही तय अपने सिद्धांत पर अटल है। कश्मीर अथवा पाक के मामले में तीसरा पक्ष मंजूर नहीं हो सकता है। भारत सदैव शांति का पक्षधर रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पुतिन से कहा था कि अब युद्ध का दौर नहीं रहा। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत-पाक के बीच मध्यस्थ बनने की लिप्सा केवल और केवल अपने मुंह मिट्ठू होने जैसी थी। वो किसी तटस्थ जगह पर कश्मीर समेत तमाम मसलों पर भारत-पाक के बीच बातचीत के दावे करते रहे, जबकि भारत दो टूक इनकार कर चुका था। वैसे भी ट्रंप की कश्मीर के मामले में मध्यस्थ बनने की ये इच्छा शिमला समझौते के उलट है, जिसमें कहा गया है कि दोनों देश पीओके के मसले को आपस में बैठकर सुलझायेंगे। भारत की स्पष्ट नीति रही है कि उसे कश्मीर के मामले में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता मंजूर नहीं। पाकिस्तान की हमेशा ये कोशिश रही है कि कश्मीर के मसले को किसी भी तरह से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया जाए और किसी तीसरे देश को मध्यस्त बनाया जाए ताकि दुनिया में इसकी चर्चा हो। बड़बोले अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान की इच्छा के अनुरूप ही कश्मीर व अन्य मसलों पर बयानबाजी करते रहे। भारत सरकार को भी इस बारे में अपना रुख सख्ती के साथ स्पष्ट करना चाहिए कि उसे कश्मीर के मामले में किसी तीसरे देश की चौधराहट की जरूरत नहीं है। इस मसले को सुलझाने में भारत खुद सक्षम है ताकि डोनाल्ड ट्रंप के बेतुके बयानों पर किसी तरह से लगाम लगाई जा सके। आतंकवादियों के पनाहगार पाकिस्तान पर विश्वास नहीं किया जा सकता। पाक का इतिहास दगाबाजी का रहा है। इसलिए युद्धविराम के बाद भी भारतीय सेनाओं को सतर्क रहने की जरूरत है।

## विशेष
रामविचार नेताम



# देश में जनजातीय समाज को मिला सम्मान और नई पहचान

भारत की मिट्टी में सदियों से ऐसे तपस्वी जन्म लेते आए हैं, जिन्होंने अपना जीवन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि जनसेवा के लिए जिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हीं में से एक हैं। उनके 75 वर्ष केवल समय की गिनती नहीं, बल्कि एक ऐसी साधना का इतिहास हैं जिसने वंचितों को आवाज़ दी, उपेक्षितों को सम्मान दिया और जनजातीय समाज को आत्मविश्वास की नई पहचान दी। जो समाज कभी हाशिये पर था, जो अपनी संस्कृति और संघर्ष के बावजूद भुला दिया गया था, आज वही समाज विकास की मुख्यधारा में गर्व से खड़ा है। यह परिवर्तन केवल योजनाओं का नतीजा नहीं, बल्कि उस सोच का प्रमाण है जिसमें हर नागरिक को भारत की आत्मा माना गया है। मोदी जी ने बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर यह साफ कर दिया कि राष्ट्र का इतिहास आदिवासी नायकों के बलिदान के बिना अधूरा है। यही भावना तब चरम पर पहुंची जब आदिवासी समाज की बेटी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान हुईं। वह क्षण केवल एक शपथ नहीं था, बल्कि पूरे आदिवासी समाज के आत्मसम्मान का पुनर्जन्म था।

मोदी जी की दृष्टि ने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों में भी नई धारा बहाई। जंगलों और पहाड़ियों में निवास करने वाले बच्चों के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय किसी दीपक की तरह जले, जहाँ से अब हजारों सपने उड़ान भर रहे हैं। वहीं आयुष्मान भारत योजना ने उन परिवारों को जीवनदान दिया जिनके लिए बीमारी कभी असहायता का प्रतीक था। आज दूरस्थ गांवों के लोगों में भी यह विश्वास है कि बीमारी आएगी तो इलाज भी मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में भी नई सुबह हुई। वन धन योजना ने जंगल से जुड़ी उपज को आजीविका से जोड़ा और आत्मनिर्भरता का रास्ता खोला। बांस, लाख और जड़ी-बूटियां अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि उद्यम और सम्मानजनक आय का आधार बन चुकी हैं। मोदी जी ने यह दिखाया कि जंगल केवल जीने का साधन नहीं, बल्कि सपनों को पूरा करने की शक्ति भी है।

प्रधानमंत्री मोदी जी यहीं नहीं रुके, बल्कि कई योजनाओं के माध्यम से जनजातीय जीवन में नई ऊर्जा फूंकी। प्रधानमंत्री जनमन योजना ने शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास को गति दी। धरती आबा योजना ने बिरसा मुंडा की आत्मा को जीवित रखते हुए युवाओं को कौशल और रोज़गार दिया। आदि कर्मयोगी योजना ने युवाओं को जनजातियों को मुख्यधारा में लाने संवेदनशीलता के साथ उनके कंधे पे कंधे मिलाकर विकास की राह अग्रसर हो रहे हैं। अब आदिवासी युवा केवल लाभ लेने वाले नहीं, बल्कि बदलाव के वाहक बन चुके हैं। मोदी जी का 75 वर्षों का जीवन हमें यह सिखाता है कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। यह यात्रा केवल एक नेता की कहानी नहीं, बल्कि करोड़ों दिलों की प्रेरणा है। यह बताती है कि यदि नियत स्पष्ट व पवित्र हो और संकल्प अडिग हो तो समाज का कोई भी वर्ग अंधकार में नहीं रह सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूर दृष्टि सोच का परिणाम है कि आज जनजातीय समाज का उत्थान इस साधना का सबसे बड़ा साक्ष्य है।

आज जब हम मोदी जी की 75 वर्ष की जीवन-यात्रा पर दृष्टि डालते हैं, तो यह केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं दिखती, बल्कि पूरे राष्ट्र के जागरण का उत्सव प्रतीत होती है। यह वह क्षण है जब हर भारतीय यह अनुभव करता है कि सेवा से ही सम्मान मिलता है और सम्मान से ही सशक्तिकरण की राह निकलती है। मोदी जी की यह साधना हमें विश्वास दिलाती है कि भारत का भविष्य उज्ज्वल है, क्योंकि उसकी जड़ें, उसकी मिट्टी आदि से जुड़े हैं। यही 75 वर्षों का संदेश है कि सेवा से सम्मान से नई ईबादत लिखी जा सकती है। यही है उस जीवन यात्रा का सार हैं जो आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करती रहेगी।

*-लेखक रामविचार नेताम, मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन*

# नरेन्द्र मोदी : सेवा प्रथम भाव से ओतप्रोत नेतृत्व



जन्मदिन विशेष
शिवप्रकाश

अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और द्विपक्षीय तनावों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असाधारण नेतृत्व में भारत की विकास गाथा को देख पूरी दुनिया के रणनीतिकार न केवल आश्चर्यचकित हैं बल्कि आशावान भी है कि भविष्य में वैश्विक संकटों का समाधान भी भारत भूमि से ही प्रकट होगा। शांतिकाल, युद्ध काल या आपदाकाल में समभाव बनाए रखते हुए जिस प्रकार से अब तक प्रधानमंत्री मोदी ने सटीक तथा लक्षित रणनीति के साथ समाधान प्रस्तुत किये हैं, उसने वैश्विक स्तर पर भरोसा और दृढ़ किया है।

नरेन्द्र मोदी के जीवन की कहानी संघर्ष और समर्पण की एक प्रेरणादायक गाथा है। वह एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने अपने अद्वितीय नेतृत्व और विराट व्यक्तित्व से भारत को एक नई दिशा प्रदान की है। उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और जनसमर्थन ने उन्हें एक प्रभावशाली नेता बनाया है। वह एक मजबूत नेता हैं जो अपने निर्णयों पर अडिग रहते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता ने उन्हें भारत और विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक बनाया है। प्रधान मंत्री एक दूरदर्शी नेता हैं जो भारत के भविष्य को लेकर आशान्वित हैं। मेक इन इंडिया जैसी अनेक महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की उन्होंने शुरुआत की है। जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में मदद करेंगी। जनता से मिले व्यापक समर्थन,लोकप्रियता और उनके व्यक्तित्व के अद्भुत प्रभाव ने उन्हें एक दृढ़निश्चयी नेता बनाया है जो कठोरतम निर्णयों को भी सहज भाव में लागू करने में सक्षम हैं। नरेन्द्र मोदी का विराट व्यक्तित्व उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और जनसमर्थन का परिणाम है। उन्होंने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया है और उन्हें पार किया है, जो उनकी मजबूत इच्छा शक्ति और संकल्प को दर्शाता है।

नरेन्द्र मोदीजी का आरंभिक जीवन गुजरात के एक छोटे से शहर वडनगर में बीता। पिता दामोदर दास मूलचंद मोदी और माता हीराबेन के परिवार में 17 सितंबर 1950 को उनका जन्म हुआ।उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी और पिता चाय की एक दुकान चलाते थे। अपनी स्कूली शिक्षा वडनगर में पूरी की और बाद में उन्होंने गुजरात विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। छात्र जीवन से ही वे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ गए और उन्होंने संघ के साथ अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। नरेन्द्र मोदीजी का पूरा जीवन निस्वार्थ सेवा भाव में ही गुजरा है और आज भी विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के शीर्ष पद पर विराजमान होने के बावजूद उनका यह भाव जीवंत है।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनमानस पर प्रभाव बहुत गहरा और व्यापक है। उनकी लोकप्रियता और राजनीतिक कौशल कई मायनों में अद्वितीय हैं। वह एक प्रभावी वक्ता हैं जो अपने शब्दों से लोगों को प्रभावित करते हैं। वह एक कुशल राजनीतिक रणनीतिकार हैं। जनता के व्यापक समर्थन से प्रधानमंत्री ने भारत में आर्थिक सुधार के लिए कई साहसिक कदम उठाए हैं जिनमें जीएसटी और नोटबंदी प्रमुख है। इन आर्थिक सुधारों ने देश की अर्थ व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद की है। जनता में उनके समर्थन और उनके प्रति अनुसरण के भाव को स्वच्छ भारत अभियान और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों में देखा जा सकता है जिन पर पूरे देश में उन्हें जन समर्थन प्राप्त हुआ है। "मन की बात" में गांव के किसी साधारण श्रमिक की कहानी या कोविड-19 में फ्रंटलाइन वर्कर्स का अभिनंदन कर उन्होंने यह दिखाया कि हर योगदान मायने रखता है। कोविड-19 महामारी के कठिन समय में नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने केवल प्रशासनिक स्तर पर ही नहीं, बल्कि भारतीय मन की गहराई को समझते हुए जनता का मनोबल बनाए रखा। जब भय और असुरक्षा का वातावरण था, तब उन्होंने सरल प्रतीकों और सांस्कृतिक जुड़ावों के माध्यम से लोगों में सामूहिक ऊर्जा जगाई। थाली और ताली बजाने का आह्वान इस बात का उदाहरण था कि उन्होंने भारतीय समाज की उस प्रवृत्ति को पहचाना जहाँ किसी उत्सव या चुनौती में ध्वनि और प्रतीकात्मक कर्मकांड से एकता और संकल्प का संदेश मिलता है। यह ठीक वैसा ही था जैसा महात्मा गांधी ने चरखे को स्वदेशी आंदोलन का प्रतीक बनाया था-साधारण कर्म से गहरा संदेश।"वोकल फॉर लोकल" जैसी पहल, हस्तशिल्प को वैश्विक मंच पर ले जाना और राज्य स्तरीय अनेक पहल को केंद्र की योजनाओं से जोड़ना इस सोच का उदाहरण हैं।



विश्व में वह एक मजबूत नेता के तौर पर उभरे हैं। राष्ट्र के हितों को सर्वोपरि मानते हुए उन्होंने जिस तरह के अमेरिकी टैरिफ मसले पर रणनीति अपनाई है उसने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि भारत राष्ट्र हितों पर किसी के आगे झुकने को तैयार नहीं है। विभिन्न देशों के बीच सामंजस्य बनाने का प्रधानमंत्री के पास एक अद्वितीय कौशल है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा था कि उन्हें लगता है कि मोदी 24 घंटे देश के लिए काम करते हैं। यह कथन उनकी असाधारण कार्यक्षमता और समर्पण को दर्शाता है। उनकी विदेश नीति और कूटनीतिक प्रयासों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण भूमिका दिलाई है। उन्होंने ग्लोबल साउथ के देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और जी- 20 जैसे वैश्विक मंचों पर भारत की आवाज को बुलंद किया है। उन्होंने आर्थिक कूटनीति पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे देश के व्यापार और निवेश में वृद्धि हुई है। उन्होंने सांस्कृतिक कूटनीति का उपयोग करके विभिन्न देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने का प्रयास किया है। इसके अंतर्गत योग और आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया गया है।

उम्र के सातवें दशक में होने के बावजूद वह टेक्नोलॉजी के मामले में आज के युवा की बराबरी करते हैं। नवाचारों पर उनका भरोसा है और उसे प्रोत्साहित करते हैं। यही वजह है कि एक दशक के उनके कार्यकाल में भारत विश्व में सबसे अधिक स्टार्ट अप्स वाला देश बन गया है। संभवतः वह विश्व के एकमात्र नेता हैं जो सीधे जनता से संवाद करने में विश्वास रखते हैं। आकाशवाणी पर उनके मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' और विद्यार्थियों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' इसका सफल उदाहरण हैं। इन दोनों कार्यक्रमों का जनमानस पर व्यापक स्तर पर प्रभाव पड़ा है। खेलों को बढ़ावा देने के लिए 'खेलो इंडिया' और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए 'ड्रोन दीदी' जैसी पहल जमीनी स्तर पर बदलाव लाने की इच्छा को दर्शाती हैं। इसके अतिरिक्त, 'नमो ऐप' के माध्यम से जनता को सीधे प्रधानमंत्री से जोड़ने और भारतीय डायस्पोरा को देश के विकास का हिस्सा बनाकर उन्होंने भारत की सॉफ्ट पावर को वैश्विक स्तर पर मजबूत किया है।

गोस्वामी तुलसीदास जी रामचरित मानस में राजा जनक के चरित्र का वर्णन करते हुए कहते हैं 'अतुलित धन्य्य सिय राम के जाई। राजसभा बिनु सवद सुहाई।' अर्थात राजा जनक राजा होते हुए भी एक संन्यासी की तरह जीवन जीते थे, और सांसारिक सुख-सुविधाओं की बजाय ज्ञान और वैराग्य को महत्व देते थे।लेक्स फ्रिडमैन के साथ पॉडकास्ट में कठोर परिश्रम के सम्बन्ध में प्रश्न पूछने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'संतोष हमेशा देने के भाव की कोख से पैदा होता है।' प्रधानमंत्री मोदी इसी कर्मयोगी भाव के जीते जागते उदाहरण हैं। गुजरात का मुख्यमंत्री होने के समय से ही वह एक अनुशासित और सरल जीवन जीने के लिए जाने जाते हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद भी नरेन्द्र मोदी का जीवन अनुशासित और सरल रहा है। वह नियमित रूप से योग और ध्यान करते हैं और एक स्वस्थ जीवन शैली को अपनाते हैं। वह आध्यात्मिकता में विश्वास करते हैं। वह स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी जैसे आध्यात्मिक नेताओं से प्रेरणा लेते हैं। उनका संन्यासी भाव उनके जीवन और कार्य में देखा जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संस्कृति के अनन्य पुजारी हैं। वह भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता को बढ़ावा देने के लिए काम करते हैं। वह अक्सर अपने भाषणों में भारतीय संस्कृति की महानता का उल्लेख करते हैं। वह कला भी को बढ़ावा देते हैं और कलाकारों और संस्कृति कर्मियों को प्रोत्साहित करते हैं। समय-समय पर वाद्य यंत्रों का वादन जैसे असम का सारिंदा, महाराष्ट्र में बंजारा संस्कृति से जुड़ा ढोल जैसा वाद्य यंत्र नांगरा, आदिवासी कलाकारों के साथ पारंपरिक वाद्य यंत्र और उत्तराखंड के स्थानीय कलाकारों के साथ एक पारंपरिक वाद्य यंत्र उनकी संगीत के प्रति अभिरुचि को प्रकट करता है।

नरेन्द्र मोदी में एक साहित्यकार एवं कवि होने के करण उनकी संवेदनशीलता प्रकट होती हैं। उन्होंने कई पुस्तकें और कविताएं लिखी हैं जो उनके विचारों और अनुभवों को दर्शाती हैं । 2007 में नरेंद्र मोदी ने अपनी कविता-संग्रह की पुस्तक 'आंख आ धन्य छे' का विमोचन मुंबई में किया। इस अवसर पर उन्होंने शेखावत जी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। कार्यक्रम में शेखावत जी ने कहा- "जब मोदी ने मुझे पुस्तक विमोचन के लिए कहा, तो मुझे लगा वे मजाक कर रहे हैं। मैं विश्वास नहीं कर सका कि वे कविता भी लिखते हैं। मुझे खेद है, मोदी जी, मैंने सोचा नहीं था कि आपके भीतर इतना कोमल पक्ष भी है। आज मैं देख रहा हूँ कि आपका व्यक्तित्व कठोरता और कोमलता का अद्भुत संगम है।" ज्योतिपुंज पर परम पूजनीय मोहन भागवत जी का कहना कि " यह पुस्तक नहीं है, अनुभूति है" ज्योतिपथ कविता संग्रह एवं 'सेट ऑफ एक्जाम वारियर्स' परीक्षा सम्बन्धी उनकी पुस्तक सभी के लिए प्रेरनादायी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन राजनीति एवं समाज के लिए कार्य करने वाले सभी के लिए प्रेरणास्पद है । परमेश्वर उनको दीर्घायु प्रदान करे।

*( राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री, भाजपा )*

# वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
**दर्शन**

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा।

# कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा- मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किए बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रियों को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आए हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूप से बनवाई गई थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### डीप टेक से सशक्त होता भारत


अभियंता दिवस केवल इंजीनियरों के सम्मान का अवसर नहीं है, बल्कि उन असंख्य विचारों, प्रयासों और तकनीकी नवाचारों का उत्सव है, जिन्होंने भारत को आधुनिकता की राह पर अग्रसर किया है। इस वर्ष अभियंता दिवस का विषय है 'डीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता : भारत के टेकएड को आगे बढ़ाना।' यह विषय विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि भारत आज तकनीकी नवाचार के नए युग में प्रवेश कर चुका है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, जैव-इंजीनियरिंग और नैनो टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में डीप टेक समाधान देश की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान बन रहे हैं।

*- मनोज साहू, बलौदाबाजार*

## करंट अफेयर

# खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो निगरानी टीम का अपहरण


पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने पोलियो निगरानी टीम के तीन सदस्यों का अपहरण कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार को दक्षिणी वजीरिस्तान की सीमा से लगे टैंक जिले यूनियन काउंसिल ऑफ उमरखेल में हुई। जिला निगरानी अधिकारी डॉ. इहसानुल्लाह उन लोगों में शामिल हैं, जिनका अपहरण किया गया। पुलिस के अनुसार, विश्व स्वास्थ्य संगठन से संबद्ध पोलियो निगरानी दल, 15 से 18 सितंबर तक यूनियन ऑफ काउंसिल में चार दिवसीय पोलियो विरोधी अभियान की निगरानी कर रहा था, तभी बंदूकधारियों ने उन्हें रोक लिया और अगवा कर लिया। पुलिस टीमों ने तुरंत इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच) के अनुसार, सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो के दो नए मामले सामने आए, जिससे इस वर्ष देश में पोलियो के कुल मामलों की संख्या 26 हो गई। अधिकारियों के अनुसार, टैंक जिले में 124 माता-पिता अब भी अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने से इनकार कर रहे हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ, दुनिया के उन आखिरी दो देशों में शामिल है जहां पोलियो के मामले अब भी सामने आ रहे हैं।



## ऑफ बीट

# ज्वालामुखी की राख से मानव का विकास समझने में मदद

मनुष्य कैसे मानव बने? यह समझना कि हमारे पूर्वज कब, कहाँ और किन पर्यावरणीय परिस्थितियों में रहते थे, मानव विकास की पहेली को सुलझाने का आधार है। दुर्भाग्य से, प्रारंभिक मानव विकास की समयरेखा को निर्धारित करना लंबे समय से कठिन रहा है - लेकिन पूर्वी अफ्रीका में प्राचीन ज्वालामुखी विस्फोट इसकी कुंजी हो सकते हैं। 'प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' में प्रकाशित हमारा नया अध्ययन, केन्या के तुर्काना बेसिन में ज्वालामुखी राख की परतों के बारे में हमारी जानकारी को और पुष्ट करता है। इस स्थान पर कई प्रारंभिक मानव जीवाश्म मिले हैं। इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने केन्या के तुर्काना बेसिन की नारिओकोटोमे टफ्स नामक राख की तीन परतों का उच्च-परिशुद्धता से विश्लेषण किया है। यह क्षेत्र मानव विकास संबंधी अनुसंधानों के लिए विश्व के सबसे महत्वपूर्ण स्थलों में से एक माना जाता है। हमने उच्च-सटीक आयु अनुमान प्रदान किए हैं, जो मानव विकास की एक अधिक परिष्कृत समय-सीमा स्थापित करने की दिशा में एक छोटा सा कदम है। लाखों वर्षों के ज्वालामुखी विस्फोट कई खुलासे कर सकते हैं। पूर्वी अफ्रीका में ग्रेट रिफ्ट वैली कई विश्व-प्रसिद्ध जीवाश्म स्थलों का घर है।



## ट्रेंड

### ज़िंदगी की दिशा



राजनीति में कभी-कभी एक मार्गदर्शक वाक्य पूरी ज़िंदगी की दिशा बदल देता है। जब मैं हिमाचल प्रदेश में विपक्ष का नेता था, नरेंद्र मोदी ने मुझसे पूछा कि मैं सदन में मुद्दे कहाँ से लाता हूँ। मैंने बताया कि अख़बार पढ़कर हम सवाल तैयार करते हैं।

**- जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री**

### जनहानि अत्यंत दुःखद



देहरादून में टोंस नदी में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। इस घटना में काल-कवलित हुए उत्तर प्रदेश निवासियों के परिजनों को 02-02 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### वैशाली को बधाई



वैशाली रमेशबाबू को एफआईडीए महिला ग्रैंड स्विस 2025 जीतने पर बधाई! लगातार दूसरी बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीतना और महिला कैंडिडेट्स 2026 में जगह बनाना, भारतीय शतरंज के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

**- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### देश जानना चाहता है



दबाव में आकर असम कांग्रेस के सांसद ने खुद स्वीकार किया है कि वे पाकिस्तान गए थे। लेकिन अब देश जानना चाहता है -वे किसके बुलावे पर गए? वहाँ क्या-क्या देखा? और वहाँ किसका नमक खाया?

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

सत्यमेव जयते



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

# लक्ष्य हमारा जनकल्याण जन-जन का उत्थान

नरेन्द्र मोदी
सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...
75 वर्ष



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

शुभारंभ
स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

लोकार्पण
सुमन सखी चैटबॉट

शिलान्यास
पीएम मित्र पार्क, धार
तथा

8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ | प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 10 लाख हितग्राहियों को किस्त का अंतरण | आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत 'आदि सेवा पर्व' का शुभारंभ

'एक बगिया माँ के नाम' अभियान अंतर्गत पौध वितरण | एक करोड़वें सिकल सेल स्क्रीनिंग काउंसलिंग कार्ड का वितरण

प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
के कर कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

17 सितम्बर 2025 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | पीएम मित्र पार्क, जिला धार

D-11104/25

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

## खबर संक्षेप



### इंडिगो की 8 अक्टूबर से मुंबई कोपेनहेगन सीधी उड़ान

**मुंबई।** घरेलू एयरलाइन कंपनी इंडिगो आठ अक्टूबर से मुंबई से डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करेगी, जिससे उत्तरी यूरोप में उसके अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का और विस्तार होगा। एयरलाइन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एयरलाइन ने कहा कि नई सेवाएं सप्ताह में तीन बार संचालित की जाएंगी, और इसके लिए नॉर्स अटलांटिक एयरवेज से पट्टे पर लिए गए बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान का इस्तेमाल किया जाएगा।

### सुजलॉन को टाटा पावर रिन्यूबल से मिला ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सुजलॉन समूह को टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी से 838 मेगावाट का ऑर्डर मिला है, जो इस वित्त वर्ष का सबसे बड़ा ऑर्डर है। यह ऑर्डर उसकी मजबूत और डिस्पैचेबल रिन्यूएबल ऊर्जा परियोजना के तहत दिया गया है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी से मिले 1,544 मेगावाट के ऑर्डर के बाद, यह सुजलॉन का अबतक का दूसरा सबसे बड़ा ऑर्डर है और यह भारत के ऊर्जा बदलाव में तेजी लाने में एफडीआरई परियोजनाओं की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। 838 मेगावाट की इस परियोजना में सुजलॉन के 266 एस144 पवन टर्बाइन शामिल होंगे, जिनमें से प्रत्येक की रेटेड क्षमता 3.15 मेगावाट होगी और ये कर्नाटक (302 मेगावाट), महाराष्ट्र (271 मेगावाट) और तमिलनाडु (265 मेगावाट) में रणनीतिक रूप से स्थित होंगे।




# यदि आईटीआर भरने की तारीख चूके तो 31 दिसंबर तक भर सकते हैं आईटीआर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर भरने की तारीख को दो बार बढ़ा दिया था। पहले यह तारीख 31 जुलाई 2025 थी, जिसको बढ़ाकर 15 सितंबर 2025 किया गया था। मगर सीबीडीटी ने इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन 15 से 16 सितंबर के लिएएक दिन और बढ़ा दिया था, लेकिन क्या आपको पता है कि आप 31 दिसंबर तक इनकम टैक्स फाइल कर सकते हैं? इनकम टैक्स फाइल करने वाले टैक्सपेयर्स की ओर से लगातार वेबसाइट के स्लो चलने की शिकायतें की जा रही थीं। कई सारी फर्मों में फॉर्म डाउनलोडिंग में दिक्कतों की बात कही थी, जिसको ध्यान में रखते हुए टैक्स डिपार्टमेंट ने आईटीआर डेडलाइन को 15 सितंबर से बढ़ाकर 16 सितंबर 2025 तक कर दिया था।

इनकम टैक्स रिटर्न भरने (आईटीआर) फाइल करने की डेडलाइन मंगलवार को खत्म हो गई। आज आखिरी तारीख होने के चलते 1 करोड़ से ज्यादा टैक्स रिटर्न फाइल किए जाने की उम्मीद है। अभी तक, असेस्मेंट ईयर 2025-26 के लिए 6.29 करोड़ रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। पिछले साल के मुकाबले आईटीआर फाइलिंग में 7.5 प्रतिशत का उछाल आया है। मंगलवार को जिस तेजी से रिटर्न फाइल किए गए उसे देखते हुए लगता है कि इस बार यह 7.8 करोड़ के आंकड़े को पार कर जाएगा।

## लेट फाइल करने पर सेक्शन 234एफ के तहत लेट फीस देनी पड़ेगी

### लेट फाइलिंग का मतलब

हालांकि, अगर आप किसी कारणवश 16 तारीख तक भी आईटीआर फाइल नहीं कर सके तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। लेट पेमेंट के साथ 31 दिसंबर 2025 तक आईटीआर फाइल किया जा सकता है। लेट फाइलिंग यानी बिलेटेड रिटर्न वो आयकर रिटर्न होता है जो तय डेट पर या उससे पहले दाखिल नहीं किया गया। आयकर वेबसाइट के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति तय डेट या नोटिस में दी गई डेडलाइन तक रिटर्न फाइल नहीं करता, तो वो असेसमेंट ईयर खत्म होने से 3 महीने पहले या असेसमेंट पूरा होने से पहले, जो भी पहले हो, पिछले साल का रिटर्न दाखिल कर सकता है।




### पेनाल्टी कितनी लगेगी?

अगर आप तय डेट के बाद रिटर्न फाइल करते हैं, तो सेक्शन 234एफ के तहत लेट फीस देनी पड़ेगी। ज्यादातर करदाताओं के लिए ये फीस 5,000 रुपए है। लेकिन अगर आपकी टोटल इनकम 5 लाख रुपए तक है, तो फीस सिर्फ 1,000 रुपए होगी। अगर धारा 234एफ के अनुसार, यदि रिटर्न धारा 139(1) के तहत तय तिथि के बाद दाखिल किया जाता है, तो 5,000 रुपए का लेट शुल्क देना होगा। बाकी इनकम ज्यादा होने पर शुल्क ज्यादा लगता है।

### केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड का स्पष्टीकरण

# निजी स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों के कमीशन-ब्रोकरेज पर आईटीसी का लाभ बंद

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने मंगलवार को कहा कि बीमा कंपनियां 22 सितंबर से व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी के लिए कमीशन और ब्रोकरेज जैसे 'इनपुट' यानी कच्चे माल के लिए चुकाए गए जीएसटी पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा नहीं कर पाएंगी।

- विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कराधान के बारे में स्पष्टीकरण जारी

सीबीआईसी ने 22 सितंबर से नए जीएसटी स्लैब लागू होने पर विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कराधान के बारे में स्पष्टीकरण देते हुए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) की सूची जारी की है। जीएसटी परिषद ने तीन सितंबर को अपनी बैठक में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसी पर चुकाए गए प्रीमियम को जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया।

**खास बातें**

- कच्चे माल के लिए चुकाए गए जीएसटी पर आईटीसी का दांवा नहीं
- सीईएसई ने कहा, 22 सितंबर से नए जीएसटी स्लैब लागू होंगे



**फिलहाल 18 फीसदी की दर से जीएसटी लगता है:** फिलहाल इस पर 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। छूट 22 सितंबर से प्रभावी होगी। इस सवाल के जवाब में कि बीमा कंपनियों की कौन सी 'इनपुट' सेवाएं जीएसटी से मुक्त हैं, सीबीआईसी ने कहा कि वर्तमान में, बीमा कंपनियां कमीशन, ब्रोकरेज और पुनर्बीमा जैसे कई इनपुट और इनपुट सेवाओं पर आईटीसी का लाभ उठा रही हैं।

### पुनर्बीमा सेवाओं को छूट दी जाएगी

*सीबीआईसी ने कहा, "इन इनपुट सेवाओं में से, पुनर्बीमा सेवाओं को छूट दी जाएगी। अन्य कच्चे माल के मामले में इनपुट टैक्स क्रेडिट वापस ले लिया जाएगा। इसका कारण अंतिम उत्पाद सेवाओं को जीएसटी छूट दी जा रही है।" इसका मतलब यह है कि व्यक्तिगत बीमा पॉलिसी के मामले में कमीशन और ब्रोकरेज जैसे 'इनपुट' पर चुकाए गए कर, बीमा कंपनियों के लिए लागत होंगी, क्योंकि वे ऐसे करों को समायोजित नहीं कर पाएंगी।*

### स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पांच फीसदी की दर

*सीबीआईसी ने यह भी स्पष्ट किया कि 7,500 रुपये प्रति कमरा प्रतिदिन से कम या उसके बराबर मूल्य वाली आवास इकाइयां प्रदान करने वाले होटल ऐसी इकाइयों पर आईटीसी का लाभ नहीं उठा पाएंगे। इसका कारण ऐसी आपूर्तियों पर आईटीसी के बिना पांच प्रतिशत जीएसटी दर लागू है। इसी प्रकार, सौंदर्य और शारीरिक स्वास्थ्य सेवाओं पर भी बिना आईटीसी के पांच प्रतिशत की दर है।*

### अंतिम ग्राहक को बदलाव का लाभ मिले

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने कहा कि ऐसे सेवा प्रदाता जो बिना आईटीसी वाली पांच प्रतिशत श्रेणी में आते हैं, उनके पास इन सेवाओं पर आईटीसी के साथ 18 प्रतिशत शुल्क लेने का विकल्प नहीं है। नांगिया एंडरसन एलएलपी के भागीदार (अप्रत्यक्ष कर) राहुल शेखर ने कहा, "सरकार चाहती है कि अंतिम ग्राहक को इन बदलावों का अधिकतम लाभ मिले, इसलिए उसने इन उद्योगों के लिए दोहरी दर संरचना की अनुमति नहीं दी है।"

### बिना इनपुट टैक्स पांच फीसदी स्लैब में

बार-बार पूछे जाने प्रश्नों की सूची के अनुसार, जो व्यवसाय बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के पांच प्रतिशत स्लैब में हैं, वे ऐसी वस्तुओं और सेवाओं के कच्चे माल पर चुकाए गए करों पर क्रेडिट का दावा नहीं कर पाएंगे। उदाहरण के लिए, कोई होटल, जो कमरों के लिए पूरी तरह से प्रयुक्त प्रसाधन सामग्री या सुविधाएं खरीदता है, जिन पर पांच प्रतिशत की दर से आईटीसी नहीं ली जाती, तो वह उन खरीदों पर आईटीसी का लाभ नहीं उठा सकता।

## सोना रिकॉर्ड 1.15 लाख के पार, चांदी भी नए शिखर पर



**नई दिल्ली।** कमजोर अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,800 रुपये उछलकर 1,15,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, इसके अलावा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये बढ़कर 1,14,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गयी। स्थानीय सराफा बाजार में, पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500-500 रुपये गिरकर क्रमशः 1,13,300 रुपये और 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, "कमजोर डॉलर और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीदों के चलते मंगलवार को सोना एक और रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया।

## जीएसटी छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें खुदरा विक्रेता




**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने खुदरा विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि वे हाल ही में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में किए गए संशोधन के कारण मिलने वाली छूट को प्रमुखता से प्रदर्शित करें और उसका विज्ञापन करें। भारतीय खुदरा विक्रेता संघ को भेजे एक पत्र में, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा कि खुदरा विक्रेताओं को रसीद/बिल में जीएसटी में कमी को जीएसटी छूट के रूप में दर्शाना चाहिए और उच्च प्रभाव वाले उत्पादों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डीपीआईआईटी ने कहा, "अपने नेटवर्क के माध्यम से वे 'जीएसटी के कारण छूट' को प्रमुखता से प्रदर्शित करें और उसका विज्ञापन करें। उदाहरण के लिए - अपने खुदरा नेटवर्क के माध्यम से पोस्टर/फ्लायर्स और विज्ञापन (प्रिंट, टीवी और ऑनलाइन) के माध्यम से ऐसा किया जाना चाहिए।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAL1592-YOM- 2023
2) TATA MOTORS TATAACE ENG. NO. DL1LAJ2340-YOM-2022
3) ASHOK_LEY AL1915FBV REG. NO. UP16NT8555-YOM- NA
4) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAH3928-YOM-2022
5) TATA MOTORS LPT1109T REG. NO. UP16MT4785-YOM-2024
6) MAH BOL_MT_BS4 REG.NO. UP16KT0711-YOM- 2023
7) MAH MHMAXXCITY REG. NO. HR55AS8222-YOM - NA
8) EICHR_VECV PRO2114CBC REG. NO. UP16KT3610-YOM- 2023
9) FORCE FORCETTFB REG. NO. UP16MT4471-YOM- NA
10) ASHOK_LEY AL1815FBT REG. NO. UP16NT3659-YOM- NA
11) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAJ7804-YOM- 2023
12) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAH2118-YOM- 2022
13) EICHR_VECV PRO_3019 REG. NO. RJ11GC6428-YOM- NA
14) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAL5100-YOM -2023
15) MAH BOLERO REG. NO. UP11AT1754-YOM -2015
16) TATA MOTORS T1918COGD REG. NO. RJ32GC9436-YOM -2022
17) ASHOK_LEY AL_3015 REG. NO. UP43AT6151-YOM-2022
18) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAM6519-YOM-2024
19) ASHOK_LEY AL2516FBG2 REG. NO. HR38W7024-YOM-2016

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**चिकित्सा**

सेक्स रोगों के लिए सलाह मुफ़्त
अशोक क्लीनिक
निकट पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन दिल्ली
9811092140 संडे क्लोज

## दो दिवसीय 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान 2025' आयोजित, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली। (ब्यूरो)** 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान- 2025' में वर्ष 2025-26 के लिए 362.50 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि यह आंकड़ा पिछले वर्ष 341.55 मिलियन टन का था। यह जानकारी सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी। संवाददाता सम्मेलन में चौहान ने बताया कि देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 2024-25 में 353.96 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 21.66 मिलियन टन (6.5%) अधिक है। धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली व सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों में रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया है। निर्धारित लक्ष्य 341.55 मिलियन टन से यह 12.41 मिलियन टन अधिक है। उन्होंने बताया कि रबी सम्मेलन एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम के ध्येय को सिद्ध करने का एक सफल उदाहरण है। इस सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों एवं वरिष्ठ कृषि अधिकारियों को गहन विचार-विमर्श करने का मंच उपलब्ध हुआ है। पहले रबी सम्मेलन एक दिन का ही होता था, लेकिन इस बार और अधिक बारीकी से काम करने के उद्देश्य से सम्मेलन को दो दिवसीय रखा गया।

- रबी फसलों के लिए 3 अक्टूबर से शुरू होगा 'विकसित कृषि संकल्प अभियान

## पंजाब ने सरहदी जिलों की ज़मीन को सिल्ट मुक्त करने के लिए केंद्र से मदद की मांग

**नई दिल्ली। (ब्यूरो)** पंजाब हाल ही में आयी बाढ़ के कारण के 2185 गांवों में लगभग 5 लाख एकड़ क्षेत्र की फसलें बर्बाद होने का हवाला देते हुए पंजाब के कृषि मंत्री सरदार गुरमीत सिंह खुड्डियाँ ने केंद्र सरकार से अपील की है कि पंजाब के सरहदी जिलों में कृषि भूमि को सिल्ट मुक्त करने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत 151 करोड़ रुपये अतिरिक्त वित्तीय सहायता के रूप में तुरंत जारी किए जाएँ।

## व्यापार वार्ता बहाल होने की आशा से शेयर बाजार में तेजी लौटी



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स करीब 595 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 170 अंक की बढ़त दर्ज की गई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत का सिलसिला फिर से शुरू होने से बाजार ने तेजी दिखाई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 594.95 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,380.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 657.74 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी 169.90 अंक यानी 0.68 प्रतिशत चढ़कर 25,239.10 अंक पर बंद हुआ। बाजार में रौनक लौटने के पीछे का कारण भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर फिर से बातचीत का सिलसिला शुरू होना रहा। भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों ने प्रस्तावित व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों को सुलझाने के लिए मंगलवार को बातचीत शुरू कर दी। इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक से पहले एशियाई और अमेरिकी बाजारों में तेजी रही जिसका सकारात्मक असर घरेलू बाजार पर पड़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारती एयरटेल और टाटा स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स और बजाज फाइनेंस शामिल हैं।

- सेंसेक्स 595 और निफ्टी 170

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनॉक 06.10.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन. आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 133 | 175403 | ग्राम चिपरेल से साल्हेभाट मार्ग लंबाई 2.30 किमी ( बचत कार्य ) पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 104.13 लाख |
| 02 | 134 | 175404 | जिला कांकेर के शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग किमी. 136 से 138 एवं 139 से 140.60 = लंबाई 3.60 किमी में रोड़ फर्नीचर का कार्य। | 13.89 लाख |
| 03 | 135 | 175416 | नारायणपुर - ओरछा - आदेर- लंका-बेदरे-नैमेड़ मार्ग लंबाई 109.10 किमी. में सर्वे का कार्य। | 55.51 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल HTTPS://EPROC.CGSTATE.GOV.IN अथवा विभागीय बेवसाईट HTTPS://EPROC.CGSTATE.GOV.IN से डाऊनलोड की जा सकती है।
ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है। (स.क्र. 01 हेतु)
ठेकेदार को चेप्टर 8 आयटम नंबर 8.4, 8.5, 8.6, 8.7 एवं 8.13 हेतु अनुमोदित विशेष कंडिका के अनुसार होना अनिवार्य है। ( स.क्र. 02 हेतु)
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि – 06.10.2025 है।

नोटः- प्रथम आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

G-252603519/2

**नोटीस**

Civil (A) No. 3046/2025 Date 04/09/2025
IN THE HIGH COURT OF JUDICATURE AT BOMBAY NAGPUR BENCH, NAGPUR.
Date of order : 09/02/2015
दिवाणी अर्ज नं.2285/2015 इन पहिले अपील स्टॅम्प नं.16214/2015
The Member Motor Accident Claims Tribunal Nagpur (Claim Petition No. 957/2006)
Smt. Sushila Wd/o Murlidhar Janbandhu & another. ..... वादी -विरूध्द-
Natheram T.R. Goswami & another ......प्रतिवादी
To,
R.No. 1 : Natheram T.R. Goswami, R/o D-257, M.B. Road, Lal Kuan, New Delhi.

उपरोक्त प्रतिवादी को सुचित किया जाता है कि, वादी Smt. Sushila Wd/o Murlidhar Janbandhu & another इन्होने The Member Motor Accident Claims Tribunal Nagpur (Claim Petition No. 957/2006) इनके हुकूमनामे पर उपरोक्त दिवाणी अर्ज नं. 2285/2015 (delay) इन पहीले अपील स्टॅम्प नं. 16214/2015 मुंबई उच्च न्यायालय के नागपूर खंडपीठ में दाखिल की है और वह इस न्यायालयने पंजिबध्द करके प्रतिवादी को नोटीस जारी की है।

उपरोक्त दिवाणी अर्ज नं. 2285/2015 (delay) इन पहीले अपील स्टॅम्प नं. 16214/2015 और उपरोक्त पहीले अपील दाखिल करते समय जो 38 दिन की देरी (delay) हो गयी है वो माफ क्यू ना किया जाये के कारण नोटीस की अगली सुनवाई 08/09/2025 अन्यथा इस न्यायालय के सहूलियत से होगी।

इसलिये आपकी तरफ से आप खुद या आपके वकील या आपने नियुक्त किया हुआ आपका प्रतिनिधी उपरोक्त निर्दिष्ट दिवाणी अर्ज नं. 2285/2015 (delay) इन पहीले अपील स्टॅम्प नं. 16214/2015 के सुनवाई के वक्त इस न्यायालय मे हाजिर न होने पर आपके अनुपस्थिती में एक तरफ सुनवाई करेगी और यह न्यायालय अपना फैसला सुनाएंगी। साक्ष श्रीमान आलोक आराध्ये, मुख्य न्यायाधिश, मुंबई आज तारीख 05/08/2025.

शिक्का
न्यायालयके आदेशनुसार
(एस.एस. पांडे) सहायक प्रबधक
मुंबई उच्च न्यायालय, नागपूर खंडपीठ, नागपूर.

## राशिफल

**मेष** — किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृष** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**मिथुन** — चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** — न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या** — शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**तुला** — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

**धनु** — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मकर** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** — नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**मीन** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

## शब्द पहेली - 5991




**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 5990 का हल**





# टीम इंडिया का नया जर्सी प्रायोजक होगा अपोलो टायर्स, 579 करोड़ में लगाई बोली




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अपोलो टायर्स ने भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी प्रायोजक बनने का अधिकार हासिल कर लिया है। कंपनी ने 579 करोड़ रुपये की बोली लगाकर 3 दावेदारों की दौड़ में बाजी मारी। यह करार तीन वर्षों तक चलेगा, जिसमें 121 द्विपक्षीय मुकाबले और 21 आईसीसी मैच शामिल होंगे। इसने 544 करोड़ रुपये की बोली लगाने वाली कैनवा और 477 करोड़ रुपये की बोली लगाने वाली जेके सीमेंट को पीछे छोड़ते हुए यह करार जीता।

## 4.77 करोड़ रुपये एक मैच के लिए मिलेंगे

इस करार के तहत प्रति मैच लगभग 4.77 करोड़ रुपये मिलेंगे, हालांकि द्विपक्षीय और आईसीसी मुकाबलों के मूल्य में अंतर होने के कारण इसमें थोड़ा बदलाव संभव है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आधार मूल्य द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए 3.5 करोड़ रुपये और विश्व कप मैचों के लिए 1.5 करोड़ रुपये तय किया था। इस सौदे ने जर्सी स्पॉन्सरशिप का स्तर पहले से कहीं अधिक ऊंचा कर दिया है।



## इस सीरीज से नजर आएगा नए प्रायोजक का नाम

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी नए प्रायोजक के साथ 2 अक्टूबर से उतरेंगे। टीम उस समय वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। इसके बाद टीम भारत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीमित ओवरों की सीरीज खेलेगी, जहां नए प्रायोजक नजर आएगा। हालांकि, इससे पहले ही अपोलो टायर्स का लोगो इंडिया-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच खेले जाने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज में भी दिखाई दे सकता है।

## इस कारण ड्रीम 11 ने छोड़ा था बीसीसीआई का साथ

दरअसल, ड्रीम-11 के हटने के कारण बीसीसीआई को नए प्रायोजक की जरूरत पड़ी थी। भारत सरकार ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन और रेगुलेशन) अधिनियम 2025 लागू किया है, जिसके तहत रियल-मनी गेमिंग कंपनियों के कामकाज पर रोक लगा दी गई। इस कानून से ड्रीम-11 का कारोबार प्रभावित हुआ और उसने भारतीय टीम की जर्सी स्पॉन्सरशिप छोड़ दी। इसके बाद से ही बीसीसीआई भारतीय टीम के लिए नया प्रायोजक चुनने की प्रक्रिया में जुटा था।

## ड्रीम 11 के साथ था 3 साल का करार

बीसीसीआई ने ड्रीम 11 को 3 वर्ष के करार और 358 करोड़ रुपये के साथ मुख्य जर्सी प्रायोजक घोषित किया गया था। अब कंपनी भी उन प्रायोजकों की सूची में शामिल है, जिन्होंने वित्तीय या कानूनी कारणों से बीच में हाथ खींच लिया। सहारा (2001-2013) पर सेबी उल्लंघन के आरोप लगे, स्टार इंडिया (2014-2017) प्रतिस्पर्धा आयोग की जांच में फंसी, ओप्पो (2017-2020) ने लागत बढ़ने पर हटने का फैसला किया और बायजूस ने बकाया विवाद के चलते करार तोड़ा।

## खबर संक्षेप



### सिंधु चीन मास्टर्स के पहले दौर में जीती, शेट्टी हारे

**शेनझेन (चीन)।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने यहां पहले दौर में डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसन को सीधे गेम में हराकर चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने जैकबसन को सिर्फ 27 मिनट में 21-4, 21-10 से हराया। भारतीय खिलाड़ी को यह जीत हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ हार के 10 दिन से भी कम समय बाद मिली है। युवा आयुष शेट्टी को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद पुरुष एकल के पहले दौर में छठे वरीय और दुनिया के पांचवें नंबर के चीनी ताइपे के खिलाड़ी चाउ टिएन चेन के खिलाफ 68 मिनट में 19-21 21-12 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। रुतविका गाडे और रोहन कपूर की मिश्रित युगल जोड़ी भी युइची शिमोगामी और सयाका होबारा की जापान की जोड़ी के खिलाफ 17-21 11-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

### इस वर्ष मैं बेहतर खिलाड़ी बन गई हूं: वैशाली



**समरकंद।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने कहा कि यहां फिडे ग्रैंड स्विस खिताब उनके लिए महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है क्योंकि लगातार सुधार के प्रयासों के बावजूद पिछले साल उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। वैशाली लगातार दूसरी बार यह प्रतियोगिता जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई है। उन्होंने इस जीत से 40,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के अलावा अगले वर्ष के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी स्थान हासिल किया। दिव्या देशमुख और कोनेरू हम्पी के बाद वैशाली कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने वाली तीसरी भारतीय बनीं। वैशाली ने कहा, ''पिछले दो वर्षों में मुझे काफी अनुभव हासिल हुआ।

## बुडापेस्ट-2023 में नीरज ने जीता था स्वर्ण पदक

# विश्व चैंपियनशिप में अब चोपड़ा पर निगाह आज उतरेंगे खिताब का बचाव करने

एजेंसी ▶▶ तोक्यो

भारतीय भाला फेंक सुपरस्टार नीरज चोपड़ा आज बुधवार को यहां क्वालीफिकेशन राउंड के साथ विश्व चैम्पियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करेंगे जिसमें उन्हें पाकिस्तान के ओलंपिक स्वर्ण विजेता अरशद नदीम और जर्मनी के डायमंड लीग चैंपियन जूलियन वेबर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। चोपड़ा का लक्ष्य पुरुष भाला फेंक में विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने वाला तीसरा खिलाड़ी बनना होगा।

### इन खिलाड़ियों ने जीता दो बार स्वर्ण पदक

चोपड़ा ने 2023 में बुडापेस्ट में आयोजित की गई पिछली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। चेक गणराज्य के दिग्गज और वर्तमान में चोपड़ा के कोच जान जेलेज्नी (1993, 1995) और ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (2019, 2022) ने ही अब तक लगातार दो मौकों पर विश्व चैंपियनशिप का ताज जीता है।




### चोपड़ा का सामना कल पाक के नदीम से

चोपड़ा 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार नदीम का सामना करेंगे जिससे उन्हें फ्रांस की राजधानी में दूसरे स्थान पर रहने का बदला लेने का मौका मिलेगा। नदीम ने पेरिस में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था, जबकि चोपड़ा का उस दिन सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.45 मीटर था और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। चोपड़ा और नदीम का मुकाबला बुधवार को नहीं होगा क्योंकि दोनों प्रतिद्वंद्वियों को क्वालीफाइंग दौर में दो अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है। गुरुवार को फाइनल में उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है।

### यह भारत के लिए होगी ऐतिहासिक प्रतियोगिता

यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता होगी क्योंकि सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव मैदान पर नीरज के साथ शामिल होंगे, जो इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देशों में सबसे बड़ी संख्या है। चोपड़ा को गत विजेता के रूप में वाइल्ड कार्ड दिया गया है, जबकि अन्य तीन ने विश्व रैंकिंग के जरिए क्वालीफाई किया।

### चोपड़ा और नदीम दोनों अलग-अलग ग्रुप में

चोपड़ा को बुधवार को 19 सदस्यीय ग्रुप ए क्वालीफिकेशन राउंड में वेबर, वाल्कोट, वाडलेज और सचिन के साथ रखा गया है, जबकि 18 सदस्यीय ग्रुप बी में नदीम, पीटर्स, येगो, डा सिल्वा, रोहित, यशवीर और उभरते हुए श्रीलंकाई खिलाड़ी रमेश थरंगा पथिरगे शामिल हैं। जो खिलाड़ी 84.50 मीटर की दूरी तक पहुंचेंगे या सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। भारत के 27 वर्षीय खिलाड़ी के लिए स्वर्ण पदक जीतना आसान नहीं होगा लेकिन यह वही स्टेडियम है जहां उन्होंने 2021 में ओलंपिक स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था।

## एशिया कप 2025

# पाक मुकाबला आज यूएई से एक चूक से हो जाएगा बाहर




एजेंसी ▶▶ दुबई

अपनी कमजोरियों और बाहरी विवादों से जूझ रही पाकिस्तान की टीम को आज बुधवार को यहां एशिया कप में अपने अभियान को पटरी पर बनाए रखने के लिए ग्रुप ए के मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ करो या मरो मैच में खेल के हर विभाग में सुधार करना होगा। इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान ने दो मैचों में एक जीत और एक हार दर्ज की है और फिलहाल वह दो अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। नेट रन रेट के आधार पर वह यूएई (दो अंक) से आगे है, लेकिन यहां एक भी चूक उसे बाहर का रास्ता दिखा देगी। भारत के खिलाफ सात विकेट की करारी हार ने इस पाकिस्तानी टीम की कमजोरी उजागर कर दी है। इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों के पाकिस्तान के खिलाड़ियों के साथ हाथ नहीं मिलाने से पैदा हुए विवाद के बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार उसने धमकी दी है कि यदि जिम्बाब्वे के इस रेफरी को नहीं हटाया गया तो वह टूर्नामेंट से हट जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने उसकी इस मांग को नामंजूर कर दिया है। भले ही यह फैसला प्रशासनिक स्तर का है लेकिन पाकिस्तान के खिलाड़ी इससे अपना ध्यान हटा पाएंगे ऐसा मुश्किल लगता है।

### यूएई के खिलाफ पाकिस्तान का पलड़ा रहा है भारी

पाकिस्तान और यूएई के बीच अब तक 2 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं। इन दोनों मुकाबलों को पाकिस्तान ने अपने नाम किया है। यूएई की टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है। आखिरी बार दोनों टीमों की भिड़ंत 4 सितंबर 2025 को हुई थी। उस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 171/5 का स्कोर बनाया था। जवाब में यूएई 140/7 का स्कोर ही बना पाई थी। वह मुकाबला 31 रन से हारे थे।

## आईसीसी पाकिस्तान को दिया झटका, मैच रैफरी को हटाने से किया इनकार

दुबई। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को करारा झटका दिया है। आईसीसी ने एशिया कप से मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की पीसीबी की मांग को खारिज कर दिया है। आईसीसी ने मामले की जांच के बाद पीसीबी को अपने फैसले की जानकारी दे दी है। दरअसल, पीसीबी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट निदेशक सहित एशियन क्रिकेट काउंसिल के कुछ अधिकारियों को पहले से पता था कि दोनों कप्तानों में हाथ मिलाने की कोई संभावना नहीं है।

### पीसीबी अध्यक्ष नकवी ने की थी मांग

पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने रविवार को आईसीसी से भारत-पाकिस्तान मैच में नियुक्त मैच रेफरी पाइक्रॉफ्ट को एशिया कप के शेष मुकाबलों से हटाने की मांग की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि पाइक्रॉफ्ट ने टॉस के समय दोनों कप्तानों से पारंपरिक रूप से हाथ न मिलाने का अनुरोध करते हुए आचार संहिता और एमसीसी के क्रिकेट की भावना से जुड़े नियमों का उल्लंघन किया है। हालांकि, आईसीसी ने जांच के बाद अब इस मांग को खारिज कर दिया है।

# आनंदकुमार ने रचा इतिहास, पहली बार भारत को स्पीड स्केटिंग में दिलाया स्वर्ण

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

आनंदकुमार वेलकुमार ने 'स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025' में इतिहास रच दिया है। वह भारत के लिए इस खेल में पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। 22 वर्षीय वेलकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1,000 मीटर स्प्रिंट रेस 1:24.924 मिनट समय में पूरी कर स्वर्ण हासिल किया। कुछ दिन पहले ही उन्होंने 500 मीटर स्प्रिंट में 43.072 सेकंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता था, जो भारत का सीनियर विश्व चैंपियनशिप में पहला पदक था। स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप टूर्नामेंट चीन में खेला जा रहा है।




### कंप्यूटर साइंस की कर रहे पढ़ाई

तमिलनाडु के रहने वाले वेलकुमार कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी से कर रहे हैं। उनकी बड़ी बहन सुबी सुवेथा वेलकुमार भी भारतीय स्केटर हैं। वेलकुमार ने साल 2021 जूनियर विश्व चैंपियनशिप में 15 किलोमीटर प्रतियोगीता में रजत पदक जीतकर किसी भी विश्व चैंपियनशिप में भारत को पहला पदक दिलाने वाले खिलाड़ी भी बने थे। 2 अक्टूबर, 2023 को हुए एशियाई खेलों में वह 3,000 मीटर रिले टीम का हिस्सा रहे, जिसने कांस्य पदक जीता था।

### 6 साल की उम्र से कर रहे स्केटिंग

वेलकुमार ने मात्र 6 साल की उम्र में रोलर स्केटिंग शुरू की और घर के पास बैडमिंटन कोर्ट में कोच अन्ना राजा से प्रशिक्षण लिया। शुरुआती दौर में उन्होंने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और संतोषजनक नतीजे हासिल किए। इन सफलताओं ने उनके मन में इस खेल को गंभीरता से अपनाने का संकल्प मजबूत किया।

# स्वर्ण के बाद जैसमीन व मीनाक्षी की नजरें लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक में तीन साल से भी कम समय बचा है और ऐसे में स्टार भारतीय मुक्केबाज जैसमीन लंबोरिया ने मंगलवार को कहा कि हाल ही में लिवरपूल में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब वह अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल खेलों के महाकुंभ की तैयारी के लिए करेंगी। जैसमीन ने 57 किग्रा वर्ग के फाइनल में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता जूलिया सेरेमेटा को हराकर पदक के अपने लंबे इंतजार को खत्म किया। जैसमीन साथी स्वर्ण पदक विजेता मीनाक्षी हुड्डा, निकहत जरीन और नुपुर श्योराण सहित टीम की अन्य साथियों सहित यहां पहुंचीं। भारतीय महिला मुक्केबाजों ने विदेशी धरती पर विश्व चैंपियनशिप में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विश्व चैंपियनशिप में तीसरे प्रयास में सफलता हासिल करने वाली 24 वर्षीय जैसमीन ने कहा, ''यह अच्छा लगता है और स्वर्ण पदक जीतना अपने आप में बेहद खुशी की बात है। मेरे कोच ने मेरे खेल को बेहतर बनाने में मेरी बहुत मदद की है। अब मेरे कोच मेरी तकनीकी ट्रेनिंग ओलंपिक के अनुसार करेंगे।''

### स्टेसी एचआईएल टीम कलिंगा लांसर्स के कोच नियुक्त

भुवनेश्वर। दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई जे स्टेसी को मंगलवार को हॉकी इंडिया लीग के आगामी सत्र के लिए कलिंगा लांसर्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। स्टेसी जर्मनी के कोच वेलेंटिन आल्टेनबर्ग की जगह लेंगे जिन्होंने पिछले सत्र में लांसर्स का मार्गदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए 321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 27 साल के स्टेसी ने राष्ट्रीय टीम के साथ तीन ओलंपिक पदक (बार्सीलोना में 1992 में रजत, अटलांटा में 1996 में कांस्य और सिडनी में 2000 में कांस्य) जीते।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 66 केवी सब स्टेशन, सोहना, पलवल (हिसार) में चारदिवारी का निर्माण। | 15.09.2025 29.09.2025 | रु. 94,51,706/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | संशोधित जेलों (हिसार) के अनुरूप 2×160 एमवीए, 220/66 केवी से 3×160 एमवीए, 220/66 केवी तक 220 केवी सब स्टेशन सेक्टर-46 फरीदाबाद का संवर्धन और सम्बद्ध कार्य। | 15.09.2025 29.09.2025 | रु. 61,43,673/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/38780/I/88/7 दि. 16.09.25


# चौथे दिन भारत ने सिर्फ एक मुकाबला जीता, चार बाहर

एजेंसी ▶▶ जगरेब (क्रोएशिया)

भारत की युवा महिला पहलवान विश्व चैम्पियनशिप में संघर्ष करती नजर आईं और दो हारकर बाहर हो गई जबकि वैष्णवी पाटिल (65 किलो) और प्रिया मलिक (76 किलो) की उम्मीदें अभी दूसरे मुकाबले पर टिकी हैं। अंकुश (50 किलो) को क्वालीफिकेशन दौर में नतालिया वराकिना ने 6-5 से हराया। तपस्या को मैक्सिको की बर्था रोजास चावेज ने 4-2 से शिकस्त दी। वराकिना और चावेज अपने अपने मुकाबले हार गईं जिससे भारतीय पहलवानों के लिये भी दरवाजे बंद हो गए।

### वैष्णवी मंगोलियाई पहलवान से हारीं



वैष्णवी ने लाटविया की एल्मा जेडलेरे को 3-1 से हराया लेकिन मंगोलिया की दुनिया की पांचवें नंबर की पहलवान एंखजिन टी से क्वार्टर फाइनल में हार गई। वहीं 76 किलोवर्ग में प्रिया को इक्वाडोर की पांचवीं रैंकिंग वाली जेनेसिस रीसको वालदेज ने 4-2 से हराया। वालदेज अगर क्यूबा की मिलयाइमी डे ला कोरिडाड मारिन पोट्राइल से अपना सेमीफाइनल मुकाबला जीत लेती है तो प्रिया को रेपेशॉज में जगह मिलेगी।



### पुरुष खिलाड़ियों का प्रदर्शन

पुरूषों के फ्रीस्टाइल वर्ग में सुजीत कलकल (65 किलो) और विकी (97 किलो) रेपेशॉज का फायदा नहीं उठा सके। सुजीत को अमेरिका के रीयल मार्शल रे वुड्स ने 7-5 से हराया जबकि विकी बुल्गारिया के अखमद मागामाएव के खिलाफ 'चित होकर' हार गए।


हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में जीटी रोड (एनएच-44) से गंगार (रोड आईडी 8854) (ओडीआर) लम्बाई कि.मी. 1.300 पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी और न्यू सीसीबी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत)। | 15.09.2025 25.09.2025 | 77.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज रोहतक | जसिया में सी. सेंटर का निर्माण + 8 कार्य। | 12.09.2025 18.09.2025 | 128.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01262-254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज झज्जर | 55.50 - गांव अकेहड़ी मदनपुर ब्लॉक मातनहेल, जिला झज्जर में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 1 कार्य। | 15.09.2025 22.09.2025 | 93.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | अम्बेडकर भवन 1 का निर्माण। | 15.09.2025 24.09.2025 | 19.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज करनाल | कोहंड ब्लॉक घरौंडा में फिरनी की मरम्मत और पूरा करना + 6 कार्य। | 15.09.2025 08.10.2025 | 306.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज झज्जर | 35.79 - गांव कुलासी, ब्लॉक बहादुरगढ़, जिला झज्जर में लेट तालाब के आदर्श तालाब का निर्माण (एनजीटी स्कीम के तहत) + 3 कार्य। | 12.09.2025 18.09.2025 | 136.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- 3 वर्ष की अवधि के लिए सुपर सक्कर मशीन कम्प्लीट सैट का प्रचालन एवं रखरखाव और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 13.09.2025 24.09.2025 | 139.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, नारनौल में विभिन्न पम्प हाउसेज पर सुरक्षा निर्देश साइन बोर्ड और पम्प विवरण साइन बोर्ड की स्थापना। | बंद होने की तिथि 24.09.2025 | 7.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/160/38783/I/88/7 दि. 16.09.25

यह सम्मेलन ट्रैफिक निदेशालय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ

# भारतीय रेल में पहली बार प्राचार्य सम्मेलन प्रशिक्षण की गुणवत्ता व आधुनिकता पर जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेल ने अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की प्रणाली में गुणवत्ता और आधुनिकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल की है। पहली बार भारतीय रेल के मल्टी डिसिप्लिनरी जोनल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स के प्राचार्यों का सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन ट्रैफिक निदेशालय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### 14 एमडीजेडटीआई संस्थान देते हैं प्रशिक्षण

भारतीय रेल के पास वर्तमान में कुल 14 संस्थान हैं, जहां फील्ड स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाती है। इन संस्थानों में नए भर्ती कर्मचारियों को बुनियादी प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, वहीं कार्यरत कर्मचारियों को समय-समय पर रिफ्रेशर कोर्स कराया जाता है, जिससे वे बदलती तकनीकों और नीतियों से अपडेट रहें।



### केस स्टडी और सिमुलेटर पर जोर

सम्मेलन का प्रमुख एजेंडा प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाना था। इसमें केस स्टडीज के उपयोग को विशेष महत्व दिया गया, ताकि ट्रेन संचालन और सुरक्षा से जुड़े जटिल पहलुओं को वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से बेहतर ढंग से समझाया जा सके। साथ ही प्रशिक्षण को अधिक संवादात्मक और आकर्षक बनाने के लिए सिमुलेटर तकनीक के उपयोग को बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया। यह कदम न केवल कर्मचारियों की सीखने की क्षमता को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें वास्तविक परिस्थितियों के लिए अधिक सक्षम भी बनाएगा।

## सीखने की क्षमता बढ़ेगी, अधिक सक्षम भी बनाएगा

### साझा प्लेटफॉर्म की स्थापना

प्रशिक्षण सामग्री को केंद्रीकृत करने के उद्देश्य से, विभिन्न एमडीजेटीआई संस्थानों द्वारा तैयार किए गए लेक्चर वीडियो और अन्य प्रशिक्षण संसाधनों को एक साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। इससे पूरे देश के रेल कर्मचारी एक ही स्थान से उच्च गुणवत्ता वाली प्रशिक्षण सामग्री तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

### फीडबैक व्यवस्था और गुणवत्ता सुधार

प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक नियमित फीडबैक तंत्र लागू करने का निर्णय लिया गया। यह फीडबैक प्रणाली प्रशिक्षुओं की प्रतिक्रियाओं के आधार पर प्रशिक्षण मॉड्यूल को और अधिक उपयोगी और व्यवहारिक बनाने में मदद करेगी।

### दिल्ली मेट्रो से प्रेरणा

सम्मेलन के दौरान एमडीजेटीआई प्राचार्यों ने दिल्ली मेट्रो रेल अकादमी का दौरा किया। यहां उन्हें आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों से अवगत कराया गया। प्राचार्यों ने कैब, बोगी और सिग्नलिंग सिस्टम्स के सिमुलेटर, ऑटोमैटिक दरवाजे की तकनीक और आपातकालीन निकासी प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण का प्रत्यक्ष अनुभव लिया। यह अनुभव भारतीय रेल के प्रशिक्षण ढांचे को और अधिक उन्नत बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

### भारतीय रेल की प्रतिबद्धता

रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह सम्मेलन भारतीय रेल की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसके तहत कर्मचारियों के प्रशिक्षण को अधिक आधुनिक, व्यावहारिक और उच्च गुणवत्ता वाला बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इससे न केवल कर्मचारियों की दक्षता बढ़ेगी, बल्कि सुरक्षित और सुचारु रेल संचालन भी सुनिश्चित होगा।

एएनटीएफ प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन में गृहमंत्री शाह का ऐलान

# हमारी युवा पीढ़ी देश की नींव, 2047 तक देश को नशा मुक्त बनाना होगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार देश से ड्रग्स के खतरे को पूरी तरह मिटाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वे राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) प्रमुखों के दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

सम्मेलन का आयोजन नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने किया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित और महान राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस सपने को पूरा करने के लिए देश का सुरक्षित होना जरूरी है और सुरक्षा तभी संभव है जब युवा पीढ़ी को ड्रग्स के खतरे से बचाया जाए। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की नींव होते हैं और यदि वे नशे की चपेट में आ जाएंगे तो देश कमजोर हो जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई का पैमाना बड़ा किया जाए ताकि आने वाले दिनों में ज्यादा सफलता मिले।

# महाराष्ट्र में 31 जनवरी 2026 तक कराए जाएं स्थानीय निकाय चुनाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और राज्य चुनाव आयोग को 31 जनवरी, 2026 तक राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश जारी किया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने महाराष्ट्र के अधिकारियों को इस साल 10 अक्टूबर तक राज्य में परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने का भी निर्देश दिया।

शीर्ष न्यायालय ने इस बात पर भी आपत्ति जताई कि 6 मई को जारी उसके तर्कसंगत आदेश के बावजूद राज्य चुनाव आयोग इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने में विफल रहा। स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना 4 सप्ताह के भीतर और चुनाव 4 महीने के भीतर कराने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने अब महाराष्ट्र में स्थानीय चुनाव कराने के लिए कार्यक्रम निर्धारित करते हुए समय सीमा में और विस्तार दे दिया है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस संबंध में अब कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

## 10 अक्टूबर तक परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने का भी दिया निर्देशः सुप्रीम कोर्ट

### 2022 में यथास्थिति बनाए रखने को कहा था



इससे पहले 22 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग और महाराष्ट्र सरकार को स्थानीय निकायों की चुनाव प्रक्रिया के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। इससे पहले महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में शीर्ष अदालत के उस आदेश को वापस लेने की मांग की गई थी, जिसमें राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया गया था कि नई आरक्षण नीति उन 367 स्थानीय निकायों पर लागू नहीं होगी, जहां चुनाव प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। इसके बाद सरकार ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर अपने आदेश को वापस लेने या उसमें संशोधन की मांग की थी।

### 2021 में भी सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया था

इससे पहले दिसंबर 2021 में, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि स्थानीय निकायों में ओबीसी के लिए आरक्षण की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक कि सरकार शीर्ष अदालत के 2010 के आदेश में निर्धारित ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं करती। कोर्ट ने कहा था कि जब तक ट्रिपल टेस्ट मानदंड पूरा नहीं हो जाता, तब तक ओबीसी सीटों को सामान्य श्रेणी की सीटों के रूप में फिर से अधिसूचित किया जाएगा। ट्रिपल टेस्ट के लिए राज्य सरकार को प्रत्येक स्थानीय निकाय में ओबीसी के पिछड़ेपन पर डेटा एकत्र करने, प्रत्येक स्थानीय निकाय में आरक्षण के अनुपात को निर्दिष्ट करने आयोग का गठन करने की आवश्यकता थी।

### चुनाव आयोग को दी थी चेतावनी

शीर्ष अदालत ने 28 जुलाई 2022 को राज्य चुनाव आयोग को चेतावनी दी थी कि अगर उसने स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया को फिर से अधिसूचित किया तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले राज्य सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला अध्यादेश लेकर आई थी।

### धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक की मांग

सुप्रीम कोर्ट ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने की मांग वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के लिए हामी भर दी है। कोर्ट ने कहा है कि वह विभिन्न राज्यों में लागू धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर रोक लगाने की मांग वाली कई याचिकाओं पर विचार करेगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और के. विनोद चंद्रन की पीठ ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विभिन्न राज्य सरकारों से 4 सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद निर्धारित की है। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई में उत्तर प्रदेश सरकार से धर्मांतरण निषेध कानून (संशोधन) 2024 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा था।

भारत और अमेरिका के बीच 'युद्ध अभ्यास 2025' पूरा

# अलास्का में दोनों देशों के 450 सैनिकों ने लिया भाग सैन्य सहयोग को बढ़ावा देंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच जॉइंट मिलिट्री एक्सरसाइज 'युद्ध अभ्यास 2025' अलास्का के फोर्ट वेनराइट और युकोन ट्रेनिंग एरिया में सफलतापूर्वक समाप्त हुआ। यह अभ्यास 1 सितंबर को औपचारिक उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हुआ था और दो हफ्तों तक चला। इस 21वें संस्करण में दोनों देशों की सेनाओं के 450-450 जवानों ने भाग लिया। भारतीय सेना का नेतृत्व मद्रास रेजिमेंट की एक बटालियन ने किया, जबकि अमेरिकी पक्ष से 11वीं एयरबोर्न डिवीजन के सैनिक शामिल हुए। भारतीय दूतावास वॉशिंगटन के मुताबिक, 'युद्ध अभ्यास' 2002 में शुरू हुआ था।

दोनों सेनाओं ने संयुक्त कमान ढांचे के तहत एकीकृत अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें इन्फैंट्री, आर्टिलरी, एविएशन, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर और काउंटर-ड्रोन सिस्टम का इस्तेमाल किया गया।

### ग्रीस और भारत के बीच युद्धाभ्यास शुरू



*तुर्की की नाक के नीचे उसके ही दुश्मन ग्रीस के साथ भारतीय नौसेना एक रणनीतिक कदम के तहत पहली बार द्विपक्षीय युद्धाभ्यास कर रही है। इस साझा अभ्यास के लिए भारतीय नौसेना का स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस त्रिकंद 13 सितम्बर को ग्रीस की सलामिस खाड़ी पहुंचा है। ग्रीस के साथ यह युद्धाभ्यास 18 सितंबर तक चलेगा। अभ्यास का मकसद सामरिक कौशल को बढ़ाना और आपसी अंतर संचालन क्षमता को मजबूती देना है। इस सैन्य अभ्यास के जरिये दोनों देशों की नौसेनाएं अपने युद्धकौशल को और बेहतर करेंगी और साझा सैन्य अभियानों संबंधी तालमेल को गहरा करेंगी। सलामिस खाड़ी पर पोर्ट कॉल के दौरान आईएनएस त्रिकंद कई गतिविधियों में हिस्सा लेगा।*

2 दिनी 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान- 2025' में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# वर्ष 2025-26 के लिए 362.50 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारितः शिवराज सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन-रबी अभियान- 2025' में वर्ष 2025-26 के लिए 362.50 मिलियन टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि यह आंकड़ा पिछले वर्ष 341.55 मिलियन टन का था। यह जानकारी सोमवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी।

संवाददाता सम्मेलन में चौहान ने बताया कि देश का कुल खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 2024-25 में 353.96 मिलियन टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 21.66 मिलियन टन (6.5%) अधिक है। धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली व सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों में रिकॉर्ड उत्पादन दर्ज किया है। निर्धारित लक्ष्य 341.55 मिलियन टन से यह 12.41 मिलियन टन अधिक है। उन्होंने बताया कि रबी सम्मेलन एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम के ध्येय को सिद्ध करने का एक सफल उदाहरण है। इस सम्मेलन के माध्यम से विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों एवं वरिष्ठ कृषि अधिकारियों को गहन विचार-विमर्श करने का मंच उपलब्ध हुआ है। उन्होंने बताया कि पहले रबी सम्मेलन एक दिन का ही होता था, लेकिन इस बार और अधिक बारीकी से काम करने के उद्देश्य से सम्मेलन को दो दिवसीय रखा गया। शिवराज सिंह ने कहा कि कृषि के समग्र विकास के लिए केंद्र



और राज्य एक साथ मिलकर काम करने के लिए एकत्रित हुए हैं। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन छह विषयों पर अलग-अलग समूहों में केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ कृषि अधिकारियों ने विचार-विमर्श किया। अब अलग-अलग राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों का रोडमैप वहीं कार्यशाला करके तय किया जाएगा।

इस दो दिवसीय सम्मेलन में जिन विषयों पर चर्चा हुई, उनमें- जलवायु सहनशीलता, गुणवत्तापूर्ण बीज-उर्वरक-कीटनाशक, बागवानी, प्राकृतिक खेती, प्रभावी प्रसार सेवाएं और कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमिका, केंद्र प्रायोजित योजनाओं का समन्वय- शामिल हैं। दलहन-तिलहन की उत्पादकता बढ़ाने और एकीकृत कृषि प्रणाली को लेकर भी विस्तार से बातचीत हुई है।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने बाढ़ प्रभावित राज्यों की स्थिति को लेकर भी चर्चा की और कहा कि सरकार की तरफ से पीड़ितों की मदद के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण कुछ राज्य विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं जिसमें पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, असम, आंशिक रूप से हरियाणा शामिल हैं। इन राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की मदद के लिए कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि जो राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेश प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कवर है, पूरी कोशिश है कि वहां किसानों को बीमा राशि का उचित और त्वरित लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि रबी फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है। बुवाई के लक्ष्य के तहत 229 लाख मीट्रिक टन बीज की आवश्यकता है, हमारे पास इससे भी अधिक मात्रा में 250 लाख मीट्रिक टन के करीब बीज उपलब्ध है। खाद और उर्वरक को लेकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि वर्षा एवं अन्य परिस्थितियों के कारण क्रॉप पैटर्न में बदलाव आता है। इस साल वर्षा अच्छी मात्रा में हुई है, जिस कारण बुवाई के क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है। खाद की अतिरिक्त मांग की यह वजह भी हो सकती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि खाद और उर्वरक की पूरी आपूर्ति की जाएगी, राज्यों की मांग के आधार पर जितनी भी आवश्यकता होगी, खाद उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय से लगातार संपर्क में है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि रबी फसल के लिए 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' पिछली बार की ही तरह इस बार भी चलाकर वैज्ञानिकों की दो हजार से अधिक टीमें गांव-गांव भेजी जाएंगी, जो किसानों को समुचित जानकारी देगी।

पंजाब ने सरहदी जिलों की ज़मीन को सिल्ट मुक्त करने केंद्र से मदद की मांग

# राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन में आरकेवीवाई योजना के तहत 151 करोड़ जारी करने की अपील की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब बाढ़ के कारण के 2185 गांवों में लगभग 5 लाख एकड़ क्षेत्र की फसलें बर्बाद होने का हवाला देते हुए पंजाब के कृषि मंत्री सरदार गुरमीत सिंह खुड्डियां ने केंद्र से अपील की है कि पंजाब के सरहदी जिलों में कृषि भूमि को सिल्ट मुक्त करने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 151 करोड़ रुपए अतिरिक्त वित्तीय सहायता के रूप में तुरंत जारी किए जाएं।

नई दिल्ली में मंगलवार को पूसा भवन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित रबी सीजन फसलों संबंधी राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन–2025 को संबोधित करते हुए खुड्डियां ने कहा, हालिया बाढ़ से कृषि योग्य भूमि और खड़ी फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। अमृतसर, गुरदासपुर, तरनतारन, पठानकोट, कपूरथला, फिरोज़पुर में 5–5 फीट तक सिल्ट/रेत जमा हो गई है। ये सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र हैं।

### सरसों और काला चना बीज उपलब्ध करवाएं

पंजाब के कैबिनेट मंत्री ने यह भी मांग की कि प्रभावित किसानों को 2 लाख क्विंटल गेहूं का प्रमाणित बीज उपलब्ध करवाने के लिए सीड विलेज प्रोग्राम के तहत 80 करोड़ रुपए जारी किए जाएं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय खाद्य मिशन के तहत गेहूँ के बीज के लिए अलग से 25 लाख रुपए जारी किए जाएं ताकि किसानों की मदद हो सके। उन्होंने चौहान से 637 क्विंटल सरसों का प्रमाणित बीज और 375 क्विंटल काले चने का बीज प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध करवाने की भी अपील की।

### आपदा में केंद्र मदद के हाथ बढ़ाए

उन्होंने कहा कि पंजाबियों ने देश के किसी भी हिस्से में संकट आने पर हमेशा बड़े दिल से मदद की है और अब इन आपदा भरे हालातों से पंजाब को बाहर निकालने के लिए केंद्र को मदद का हाथ बढ़ाना चाहिए। सरदार खुड्डियां ने ज़ोर देकर कहा कि परिस्थितियों की गंभीरता को देखते हुए आरकेवीवाई की डीपीआर श्रेणी के तहत यह फंड शीघ्र जारी करना आवश्यक है। इससे न केवल किसानों को राहत मिलेगी बल्कि राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी फिर से पटरी पर लाने में मदद मिलेगी।


# दिविता की हीर एक्सप्रेस ने बिखेरा जादू, माता–पिता, दादा–दादी पूरे परिवार के साथ लोग आ रहे हैं सिनेमा

बच्चे स्कूल से तो दादा-दादी मंदिर-गुरुद्वारे से सीधे पहुंच रहे हैं थिएटर। निर्देशक का दावा, साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म ने खींचा पूरे परिवार का ध्यान। हीर एक्सप्रेस ने पकड़ ली है तेज़ रफ्तार, लोगों ने कहा असली फैमिली मूवी। फिल्म मेकर्स के मूवी बोनांज़ा ऑफर्स ने राह बनाई आसान।

चंडीगढ़। बॉलीवुड की नई फैमिली एंटरटेनर 'हीर एक्सप्रेस' के सिनेमाघरों में चल रहे सैंकड़ों हाउसफुल शो इस बात का सबूत हैं कि यह फिल्म हर उम्र के दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है। कहा जा रहा है कि 25-30 सालों बाद ऐसी फिल्म आई है जिसे पूरा परिवार मिलकर देख रहा है। फिल्म में न गालियाँ हैं न कोई वल्गैरिटी और न ही कोई दिखावा। लेकिन परिवार का आपसी प्यार, इमोशंस और रिश्तों की गर्माहट से भरपूर है। थिएटरों में एक साथ तीन पीढ़ियाँ बच्चे, माता-पिता और बुजुर्ग, फिल्म का आनंद ले रहे हैं। फिल्म देखने आए कई बुजुर्ग दर्शकों ने कहा कि हम तो सत्संग से सीधे थिएटर आ गए और साथ ही अपने पोते-पोतियों को भी फिल्म दिखाने लाएं हैं। उनका कहना था कि आजकल ऐसी साफ-सुथरी फिल्में बहुत कम देखने को मिलती हैं और हीर एक्सप्रेस देखना सच में दिल को सुकून दे गया है।

फिल्म की सबसे बड़ी चर्चा इसकी हीरोइन दिविता जुनेजा को लेकर है। डेब्यू फिल्म में ही उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया। कई कॉलेज स्टूडेंटस ने कहा कि दिविता हमारी रोल माडल बन गई हैं। जिस तरह उन्होंने संघर्ष, परिवार और समाज के बीच अपने सपनों को पूरा किया, वही हमें भी अपनी लाइफ में करना है। फिल्म समीक्षकों का मानना है कि दिविता का यह डेब्यू आने वाले समय में साल का सबसे यादगार डेब्यू साबित होगा। दर्शकों की तालियाँ और उनका उत्साह दिविता जुनेजा की लोकप्रियता का सबूत है। कइयों ने कहा कि यह फिल्म हर परिवार को देखनी चाहिए क्योंकि यह फिल्म आज की पीढ़ी को अपने संस्कार और रिश्तों की अहमियत सिखाती है। फिल्म के सभी गाने सुपरहिट हो चुके हैं। फिल्म की मजबूत कास्टिंग भी इसकी ताकत बनी। दिविता जुनेजा की दमदार एक्टिंग के साथ आशुतोष राणा की इमोशनल एक्टिंग ने लोगों की आँखें नम कर दीं, जबकि प्रीत कमानी, गुलशन ग्रोवर, संजय मिश्रा, मेघना मलिक प्रीत कमानी और विदेशी कलाकारों ने भी अपने-अपने रोल में जान डाल दी। डायरेक्टर उमेश शुक्ला को दर्शक 'फैमिली सिनेमा का उस्ताद' कह रहे हैं। 'ओह मॉय गॉड' और '102 नॉट आउट' जैसी हिट्स देने के बाद उन्होंने 'हीर एक्सप्रेस' के जरिए एक माइलस्टोन फिल्म दी है। वहीं कई अन्य दर्शकों ने अपनी प्रतिक्रियाएँ देते हुए कहा कि ऐसा लगा जैसे हम फिल्म में ही गुम हो गए हों। दिविता जुनेजा की सादगी और दमदार अभिनय ने दिल जीत लिया। एक महिला दर्शक ने कहा कि मैं अपनी बेटियों और मम्मी-पापा को लेकर आई हूं, सभी को मूवी बहुत अच्छी लगी। – विज्ञापन







हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109